卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 199 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦29 अप्रैल 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

# कार खाई में गिरने से तीन लोगों की मौत

## मसूरी में हाथी पांव रोड के पास हुआ दर्दनाक हादसा

देहरादून(उद संवाददाता)। मसूरी से सड़क हादसे की खबर सामने आ रही हैं। हाथीपांव रोड पर एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में कार सवार तीनों लोगों की मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई है। हादसा सोमवार का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार एसडीआरएफ को हादसे की सूचना मिली थी। बताया गया कि मसूरी में हाथीपांव रोड पर एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गयी है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर एक कार लगभग 500



मीटर नीचे खाई में जा गिरी। बताया जा रहा है हादसे में तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। एसडीआरएफ ने मौके पर पहुंचकर सो शवों को बाहर निकाल दिया है। जबकि तीसरे व्यक्ति के शव को स्थानीय लोगों द्वारा पूर्व में ही निकाल दिया गया था। स्थानीय पुलिस द्वारा तीनों मृतकों की शिनाख्त की जा रही है।

# सेना का सामान लेकर जा रहा कैंटर पलटा, सात लोग घायल

पिथौरागढ़। नोएडा से पिथौरागढ़ सेना का सामान लेकर जा रहा कैंटर लोहाघाट एनएच में भारतोली के पास रविवार देर शाम हादसे का शिकार हो गया। हादसे में सात लोग घायल बताए जा रहे हैं। राहगीरों ने घायलों को आनन में अस्पताल में भर्ती कराया।हादसा रविवार शाम का है। जानकारी के मुताबिक कैंटर संख्या यूपी 15 एटी 2278 सेना का सामान लेकर नोएडा से पिथौरागढ़ की ओर जा रहा था। अचानक वाहन का ब्रेक फेल होने से कैंटर दुर्घटनाग्रस्त ( **शेष पेज सात पर** )



# भीषण अग्निकांड में 22 झोपड़ियां जलकर हुई राख

देहरादून(उद संवाददाता)। राजधानी देहरादून में सुबह भीषण अग्निकांड की खबर सामने आई है। दून के खुड़बुड़ा मोहल्ले में आग से 22 झोपड़ियां जलकर राख



हो गई। अब तक मिली जानकारी के अनुसार मजदूर यहां तांबा जला रहे थे। तभी यह हादसा हो गया। खुड़ बुड़ा मोहल्ला में भीषण अग्निकांड से आसपास हड़कंप मच गया। एक प्लॉट में टिन शेड में बनी 22 झुग्गी झोपड़ियां ( **शेष पेज सात पर** )

# चुघ को पद से हटाने नहीं देगी संगत

## बाबा तरसेम हत्याकाण्ड मामले में दर्ज रपट में रची गई साजिश : बलजीत सिंह

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत 28 मार्च को डेरा नानकमत्ता साहिब के मुखी बाबा तरसेम सिंह की हत्या के मामले में पुलिस द्वारा दर्ज की गई रपट में भारी साजिश रची गई है। पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह आरोप लगाते हुए बलजीत सिंह, दर्शन सिंह व गुरदेव सिंह ने कहा कि हत्या की घटना प्रातः 6 बजे हुई। लेकिन रपट रात 11.30 बजे लिखी गई। जो अपने आप में संदेह व्यक्त करता है। उनका कहना था कि लक्ष्य तय करके घटना में अलग अलग पृष्ठभूमि के लोगों का नाम जोड़ा गया। उनका आरोप है कि दर्ज रपट में गुरूद्वारा प्रबंध समिति के



अध्यक्ष डा. हरबंस सिंह चुघ जो आईएस अधिकारी भी रह चुके हैं का नाम शामिल किया गया। जिन्हें तरसेम सिंह हटाना चाहते थे। हरबंस सिंह की फेसबुक की पोस्टों पर भी विवाद हुआ था। उन्होंने कहा जिस फेसबुक के पेज पर बगैर हस्ताक्षर के पोस्ट डाली गई जांच का विषय है। संगत श्री चुघ को पद से हटाने नहीं देगी। उन्होंने कहा कि रपट में तराई सिख महासभा के अध्यक्ष प्रीतम सिंह संधू का नाम शामिल कराया गया। जो पिछले 16 वर्षों से गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के अस्तित्व को बचाने के लिए कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं। इसमें भी बदले की भावना परिलक्षित हो रही है। उन्होंने कहा कि रपट में बाबा अनूप सिंह का नाम भी है। जो नवाबगंज में अपनी सेवायें दे रहे हैं। पूर्व में भी ( **शेष पेज सात पर** )

# बिजली की दरों में वृद्धि के खिलाफ युकां का प्रदर्शन

रामनगर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन द्वारा 1 अप्रैल से उत्तराखंड में विद्युत दरो में की गई वृद्धि के खिलाफ अब पूरे प्रदेश में विरोध के स्वर उठने लगे हैं तो वही इस वृद्धि को लेकर सरकार को भी विपक्ष घेरने की तैयारी में जुट गया है। सोमवार को रामनगर में यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुमित लोहनी के नेतृत्व में दर्जनों यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विद्युत कार्यालय पहुंचकर ऊर्जा निगम एवं प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया तथा एक ज्ञापन अधिशासी अभियंता उमाकांत चतुर्वेदी के माध्यम से प्रदेश के



मुख्यमंत्री को प्रेषित किया। यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुमित लोहनी ने कहा कि आज ऊर्जा प्रदेश में रहने वाले लोग ही ऊर्जा से परेशान हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने विद्युत मूल्य में वृद्धि का फैसला लेकर उत्तराखंड की जनता के साथ जहां एक और धोखा किया है तो वहीं प्रदेश की गरीब जनता पर अतिरिक्त बोझ डालने का भी काम किया है। उन्होंने सरकार से इस मूल्य वृद्धि को जनहित में शीघ्र वापस लेने की मांग किया मांग पूरी न होने पर उन्होंने इसके खिलाफ पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन करने की भी चेतावनी दी है।

# मकान का ताला तोड़ने के प्रयास में तीन आरोपी दबोचे

सितारगंज(उद संवाददाता)। नशे की पूर्ति के लिए तीन आरोपियों ने बंद मकान का ताला तोड़ने का प्रयास किया। पुलिस ने सूचना पर घेराबंदी करने के बाद आरोपियों को पकड़ लिया है। आरोपियों के पास से तमंचा कारतूस आदि सामान बरामद हुआ है। सिडकुल चौकी इंचार्ज प्रकाश भट्ट, एएसआई सुरेंद्र सिंह दानू, अर्जुन सिंह को 112 नंबर पर अज्ञात तीन युवकों के खिलाफ मकान के ताला तोड़ने के प्रयास की सूचना मिली। जिस पर पुलिस टीम अतरौली पुलिया के पास पहुंची। तब तक आरोपी भाग चुके थे। इसके बाद पुलिस ने एसएसबी कैंप के पास फैक्ट्री के खंडहर में छापेमार कारवाई कर तीन संदिग्ध युवकों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में आरोपियों ने खुद की पहचान देवाशीष मलिक पुत्र किरण निवासी देवनगर, अमित विश्वास पुत्र विष्णु विश्वास और वीरू विश्वास पुत्र रामसेवक निवासी शिव मंदिर उकरोली बताया। चौकी इंचार्ज ने तीनों आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# जसपुर में फोरलेन पर आढ़ती कर रहा खतरनाक सौदा

## एक लाख 32 हजार वोल्ट की हाई टेंशन लाइन के नीचे तैयार हो रही मार्केट, काटी जा रही कालोनियां

जसपुर। फोरलेन के किनारे फल मंडी में काम करने वाले एक आढती ने एक लाख 32 हजार की हाई टेंशन लाइन के ठीक नीचे अवैध तरीके से कॉलोनियां काट दी। वहीं पास में ही उसने मार्केट भी बना दिया। अब संपत्ति को चोरी छिपे बेचने का काम किया जा रहा है। बता दें कि जसपुर क्षेत्र में दर्जनों स्थानों पर नियमों को ताक पर रखकर भू माफिया कॉलोनिया काट रहे हैं जो पूरी तरह अवैध है। जानकार बताते हैं कि अधिकांश स्थानों पर काटी जा रही कालोनियां नियम विपरीत है इन कॉलोनीयों का ना ही कोई नक्शा पास कराया गया है और ना ही दूसरी जरूरी औपचारिकताएं पूरी की गई है। फोरलेन के किनारे हाई टेंशन लाइन के नीचे काटी गई कॉलोनी एवं मार्केट के बारे में जब डीलर एवं आढती गुड्डू उर्फ मदन से जानकारी लेने का प्रयास किया तो उसने प्लाटिंग के ऊपर से होकर जा रहे हाई टेंशन तार वाली बात से साफ इनकार कर दिया। बताया कि संबंधित विभागों से उसे इस काम के लिए हरी झंडी मिल चुकी है। यानी आढती के अवैध प्लाटिंग का यह काम पूरी तरह वैध है। बता दें कि



भविष्य में बसावट होने पर अथवा मार्केट तैयार होने पर यदि कभी हाई टेंशन तारों में कोई फाल्ट हुआ तो बड़ी एवं गंभीर घटना से इनकार नहीं किया जा सकेगा। विभाग के अधिशासी अभियंता विनीत सक्सेना से जब इस बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया तो उन्होंने बताया कि यह मामला पिटकुल के अधीन है। उन्होंने इस लाइन को एक लाख 32 हजार वोल्ट की बताया और कहा कि इस बारे में विभाग को पत्राचार किया गया है। खबर लिखे जाने तक इस मामले में पिटकुल के अधिकारियों से फिलहाल संपर्क नहीं हो सका।

### डीजीएम हुए गंभीर बोले एक्शन लिया जाएगा

रुड़की स्थित पिटकुल के डीजीएम मनोज कुमार सिंह से जब इस बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया तो उन्होंने बताया कि हाई टेंशन लाइन के 23 मीटर बांएं और 23 मीटर दांएं अथवा तारों के नीचे किसी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं कराया जा सकता और ना ही प्लाटिंग की जा सकती है। उन्होंने इस मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए कहा कि यदि ऐसा है तो इस पर एक्शन लिया जाएगा।

# आग बुझाने के लिए एनडीआरएफ को किया तैनात

देहरादून। उत्तराखंड में जंगल की आग ने वन विभाग कर्मचारियों के पसीने छुड़ाए दिए हैं। रविवार को गढ़वाल से कुमाऊं तक आठ जगह जंगल धधके। अपर प्रमुख वन संरक्षक निशांत वर्मा के मुताबिक, नैनीताल वन प्रभाग की बडोन



और मनोरा रेंज में वन कर्मचारियों के साथ आग बुझाने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) को तैनात किया गया है। जंगल की आग को लेकर वन विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के मुताबिक, गढ़वाल में वनाग्नि की दो और कुमाऊं में चार घटनाएं हुई हैं, जबकि दो घटनाएं वन्य जीव क्षेत्र की हैं। केदारनाथ वन्य जीव प्रभाग के आरक्षित वन क्षेत्र में आग की दो घटनाओं में चार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में वन संपदा को नुकसान हुआ है। अलकनंदा भूमि संरक्षण वन प्रभाग में वनाग्नि की एक, लैंसडाउन वन प्रभाग में एक, चंपावत वन प्रभाग में एक और सिविल सोयम अल्मोड़ा वन प्रभाग में वनाग्नि की एक घटना सामने आई है। इसे मिलाकर राज्य में अब तक वनाग्नि की घटनाएं बढ़कर 606 हो गई हैं। इसमें 220 घटनाएं गढ़वाल और 333 कुमाऊं मंडल की हैं, जबकि 53 घटनाएं वन्य जीव क्षेत्र की हैं, जिससे 735 हेक्टेयर से अधिक वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। जंगलों की आग के मामले में वन विभाग की ओर से शरारती तत्वों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पिथौरागढ़ में अब तक सबसे अधिक 25 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है, जिसमें दो नामजद और 23 अज्ञात शामिल हैं। इसके अलावा अल्मोड़ा वन प्रभाग में 22 अज्ञात एवं नैनीताल वन प्रभाग में 12 नामजद के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। केदारनाथ वन प्रभाग में आठ अज्ञात, टिहरी में 20 एवं उत्तरकाशी वन प्रभाग में 13 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। अब तक 196 मुकदमे दर्ज किए गए हैं। जिसमें 29 नामजद और 173 अज्ञात के खिलाफ मुकदमे हैं।

## जंगलों में आग लगाने वाले तीन लोगों को किया गिरफ्तार

रूद्रप्रयाग(उद संवाददाता)। जनपद में वनाग्नि की घटनाओं को रोकने के लिए वन विभाग लगातार प्रयासरत है।विभाग ने जंगल में वनाग्नि को बुझाने के लिए अलग-अलग टीमें गठित की हैं।साथ ही आग लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है।शुक्रवार को तीन लोगों को जंगल में आग लगाने पर मौके से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। प्रभागीय वनाधिकारी,रुद्रप्रयाग के नेतृत्व में गठित वनाग्नि सुरक्षा दल द्वारा नरेश भट्ट पुत्र मोलाराम भट्ट को जंगल में आग लगाते हुए तडियाल गांव,तहसील-जखोली से मौके पर पकड़ा गया।अभ्युक्त का कहना है कि बकरियों को नयी घास हेतु उसने जंगल में आग लगायी।मौके पर वन क्षेत्राधिकारी,दक्षिणी जखोली द्वारा अपराधी को हिरासत में लेकर जेल भेजने की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी तथा भारतीय वन अधिनियम 1927 के अन्तर्गत वन अपराध दर्ज किया गया।



वहीं उत्तरी जखोली के डंगवाल गांव में हेमन्त सिंह पुत्र उदय सिंह एवं भगवती लाल पुत्र चंदरू लाल को जंगल में आग लगाते हुए मौके पर पकड़कर जेल भेजा गया। प्रभागीय वनाधिकारी रुद्रप्रयाग अभिमन्यु ने बताया कि जंगल में आग लगाने अपराधियों के विरुद्ध वन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत अपराध दर्ज कर दण्डित किया जाएगा।अपराधियों को पकड़ने के लिये प्रभाग स्तर पर वनाग्नि सुरक्षा दल गठित किया गया है।अभी तक इस वर्ष कुल 19 मुकदमें दर्ज किये गये है जिसमें से 3 मुकदमें नामजद है तथा 16 मुकदमो में जांच गतिमान है। वनाग्नि क्रू-स्टेशन एवं मोबाईल क्रू-स्टेशन के द्वारा वनाग्नि नियंत्रण किया जा रहा है साथ ही उडनदस्ता दल द्वारा समस्त रेंजों में सेटेलाईट,कैमरों एवं दूरबीन के माध्यम से अपराधियों को पकड़ने का कार्य किया जा रहा है।वनाग्नि रोकथाम वन विभाग के प्रयासों के साथ-साथ जन सहभागिता एवं जनभागीदारिता आवश्यक है। वनाग्नि सुरक्षा दल में उप प्रभागीय वनाधिकारी देवेन्द्र सिंह, उप प्रभागीय वनाधिकारी पवन नेगी, उप प्रभागीय वनाधिकारी मोहन सिंह,उप वन क्षेत्राधिकारी दक्षिणी जखोली केसी नैनवाल,वन आरक्षी सुरजन सिंह नेगी तथा अन्य सदस्य मौजूद थे।

## थापली तक पहुंची जंगल की आग बुझाने में जुटे ग्रामीण

गरमपानी। जंगलों में भड़की आग से अब गांवों पर भी खतरा मंडराने लगा है। जंगल से उठी आग की लपटें थापली गांव के नजदीक तक पहुंचने से अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में गांव के लोग सारा काम छोड़ आग बुझाने दौड़े। पांच घंटे तक ग्रामीण आग पर काबू पाने में जुटे रहे। इसी बीच आग बुझाने के लिए नैनीताल से दमकल वाहन मौके पर पहुंचा, तब जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।रविवार को बेतालघाट ब्लाक के बर्धौ क्षेत्र से सटे जंगल से उठी आग की लपटें विकराल होती चली गई। आग की लपटें धीरे-धीरे थापली गांव की ओर बढ़ने से हड़कंप मच गया। हवा के तेज झोंकों से आग की रफ्तार बढ़ती चली गई। आग के विकराल रूपलेने से थापली गांव के ग्रामीण मुश्किल में आ गए।सारा काम छोड़ ग्रामीण आग को काबू करने में जुट गए। तेज लपटों ने कई बार ग्रामीणों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। इस बीच सूचना जिला मुख्यालय स्थित दमकल विभाग को दी गई। ग्रामीणों ने पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग को काबू पाया। इस बीच नैनीताल से पहुंचे दमकल वाहन ने भी आग पर पानी की बौछार कर उसे फैलने से रोका।रामगढ़ ब्लाक के छियोड़ी गांव के किसान ने आग की चपेट में आकर नष्ट हुए बगीचे का मुआवजा दिए जाने की गुहार लगाई है। बीते दिनों जंगल की आग से छियोड़ी गांव के किसान आनंद राम के बगीचे का काफी नुकसान पहुंचाया। बगीचे को हुए नुकसान की भरपाई को किसान आंनद राम ने जिलाधिकारी से मुआवजे की गुहार लगाई है। जिलाधिकारी को भेजे गए ज्ञापन में कहा है कि जंगल से आग ने बगीचे में नाशपाती के डेढ़ सौ, गढ़मेहल व आड़ू के 50-50 तथा खुमानी व पुलम के 20-20 पेड़ जला डाले। आय के एकमात्र साधन बगीचे के नष्ट हो जाने से उसे काफी नुकसान उठाना पड़ा है। वहीं रविवार दोपहर बाद नैनीताल में पहाड़पानी से सटे जंगलों में लगी आग तेज हवाओं के साथ पूरे जंगल में फैल गई। जंगल में लगी आग को बुझाने में जुटे वन कर्मी और ग्रामीण आग की तेज लपटों के बीच में फंस गए। आग को अपनी ओर बढ़ता देख वन कर्मियों और ग्रामीणों ने भागकर अपनी जान बचाई। उधर, आग से वन संपदा को भारी नुकसान पहुंचा है।

## जीत सिंह, इन्द्रकुमार व अब्दुल कवि व्यापार मंडल जिला संरक्षक मनोनीत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जिसमे जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता की संस्तुति पर जिला महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे द्वारा जीत सिंह आंनद, महामंत्री नवनीत राणा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविंद्र बोरा,पंकज कंसल,नदीम खान,जिला कोषाध्यक्ष लाला जायसवाल, सह जिला कोषाध्यक्ष विजय तिवाड़ी,जिला उपाध्यक्ष मुरली मनोहर मुलानी, प्रमोद अध्यक्ष योगेश शर्मा, महानगर महामंत्री मनोज जायसवाल, जिला महिला अध्यक्ष कुसुम दिगारी, महामंत्री उर्वशी बोरा, युवा महानगर अध्यक्ष पवन वर्मा, काठगोदाम नगर अध्यक्ष गोविंद भाकुनी, महामंत्री भुवन जोशी, देवल्चोड अध्यक्ष







(नैनीताल) इंद्र कुमार भूटियानी और अब्दुल कवि को जिला संरक्षक मनोनीत किया गया। उनके मनोनय पर प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्र शेखर पंत, प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, प्रदेश मंत्री रूपेंद्र नागर,प्रदेश मंत्री शांति जीना, प्रदेश संगठन मंत्री हितेंद्र भसीन, मदन फर्त्याल, दिगंबर वर्मा, प्रदेश संयुक्त भट्ट, युवा जिलाध्यक्ष प्रदीप सब्बर वाल, युवा जिला महामंत्री शिव कपूर, जिला निर्वाचन अधिकारी रामपाल सिंह गंगोला, जिला उपाध्यक्ष प्रवीण पटवाल, भीमताल नगर अध्यक्ष सौरभ रौतेला, मल्लीताल नैनीताल नगर अध्यक्ष नेगी, तल्लीताल नैनीताल अध्यक्ष मारुति नंदन साह, महानगर पंकज प्रफुल्ल पांडे सहित व्यापारी प्रतिनिधियों ने हर्ष व्यक्त किया ।तीनों नवनियुक्त संरक्षकों द्वारा संगठन का आभार व्यक्त करते हुए संगठन के संविधान का अनुश्रवण कर व्यापारी हितों के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा अपने युवा नेताओं को देकर संगठन हितों हेतु संघर्ष करवाने के प्रतिबद्धता जाहिर की गई ।

## नानकमत्ता के ग्राम खेमपुर में पीडब्ल्यूडी की बनाई सड़क सिर्फ एक महीने में टूटी

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। सितारगंज ब्लॉक के ग्राम खेमपुर में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बनाई गई सड़क एक महीने बाद ही दम तोड़ गई। ग्राम खमरिया के ग्रामीणों ने सड़क की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाते हुए जांच की मांग की है। कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष सतनाम सिंह करनावल ने बताया कि ग्राम खेमपुर में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा एक महीने पूर्व 190 किलोमीटर की सड़क का निर्माण कराया गया था। आरोप है कि लाखों की लागत से बनी पीडब्ल्यूडी की सड़क 1 महीने में ही टूट गई। सड़क टूटने का कारण ग्रामीणों ने बताया कि सड़क बढ़ाने के दौरान पीडब्ल्यूडी विभाग ने घटिया निर्माण सामग्री लगाई गई है। जिसमें व्यापक रूप से भ्रष्टाचार हुआ है। जिसमें कई अधिकारियों की मिली भगत है,। आरोप है कि पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं होती है। गांव के पूर्व प्रधान जोगिंदर सिंह के घर से लेकर शुरू बनाई गई सड़क विवादों के घेरे में आ गई है, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सतनाम सिंह करनावल ने कहा कि सड़क बनाने की गुणवत्ता की जांच को लेकर उच्च अधिकारियों से हम शिकायत करेंगे। कांग्रेस विधायक गोपाल सिंह राणा को इस सड़क के बारे में अवगत कराया जाएगा। इससे पहले भी पीडब्ल्यूडी की सड़क की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाए जा चुके हैं। बताया जा रहा है कि पीडब्ल्यूडी के एक के की मिली भगत से यह सड़कों का घटिया निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें कुछ सफेद पोश नेताओं की भी मिलीभगत है। विरोध करने वालों में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सतनाम सिंह करनावल, गांव के पूर्व प्रधान जोगिंदर सिंह, मनोज राणा, बाबू राणा, सुभाष राणा, सूरज राणा, दीपक राणा, राजेंद्र सिंह शामिल है।



## हाई प्रोफाइल एलएसडी और हेरोइन के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

देहरादून। देहरादून पुलिस ने हाई प्रोफाइल ड्रग्स लीसर्जिक एसिड डाईएथिलेमाइड (एलएसडी) और हेरोइन के साथ कोबरा गैंग के तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में एक शिक्षण संस्थान का वर्तमान और एक पूर्व छात्र शामिल है। तीनों आरोपी डार्क वेब के माध्यम से बंगलूरू के एक ड्रग्स डीलर के संपर्क में थे। डीलर उन्हें कुरियर के माध्यम से एलएसडी और हेरोइन की सप्लाई करता था। पुलिस इन आरोपियों के अन्य साथियों की तलाश में जुटी है।एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि प्रेमनगर थाना पुलिस को सूचना मिली कि कुछ युवक यहां पर एलएसडी की सप्लाई करने वाले हैं। पुलिस ने नंदा की चौकी पर बैरियर लगाकर चेकिंग शुरू कर दी। इस बीच दो कारों को रोका गया, इनमें तीन युवक सवार थे। कारों की



तलाशी ली गई तो एलएसडी की 2058 ब्लॉट्स बरामद हुईं। इसके अलावा छह ग्राम हेरोइन और एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू भी मिला। आरोपियों के दोनों वाहनों को सीज कर दिया गया है।आरोपियों ने अपने नाम रजत भाटिया निवासी मकान नंबर 22, हकीकत नगर, थाना सदर जिला सहारनपुर, शिवम अरोड़ा निवासी मकान नंबर 20ए हकीकतनगर और कृष गिरोटी निवासी मकान नंबर 11सी, ईदगाह, चकराता रोड, देहरादून बताए। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे तीनों एक दूसरे से एक पार्टी में मिले थे। यहां उनकी अच्छी दोस्ती हो गई। इसके बाद वे कोबरा गैंग के संपर्क में आए। कोबरा गैंग ने उन्हें एलएसडी सप्लाई करने का काम दिया।इसके बाद तीनों शिक्षण संस्थानों में एलएसडी सप्लाई करने लगे। रजत भाटिया बंगलूरू के एलएसडी डीलर से डार्क वेब के माध्यम से संपर्क में रहता है और उससे कुरियर के माध्यम से एलएसडी मंगवाता है। कृष गिरोटी एक शिक्षण संस्थान का छात्र है, जबकि शिवम अरोड़ा पूर्व छात्र है। पार्टियों में ड्रग्स सप्लाई का काम रजत भाटिया के जिम्मे रहता है। एसएसपी ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ की गई है। इस पूछताछ में आरोपियों ने एक बड़े एलएसडी डीलर का नाम बताया है। इसकी तस्दीक की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में पकड़ी गई एलएसडी की यह अब तक की सबसे बड़ी मात्रा है। कोबरा गैंग पर लगातार पुलिस नजर बनाए हुए है। राजपुर पुलिस ने भी इस गैंग के कुछ आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

## ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप

हल्द्वानी। एक विवाहिता ने ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गणपति विहार फेज-1 फार्म नंबर 3 डहरिया हल्द्वानी निवासी प्रियदर्शिनी विश्नोई पुत्री सुमीर विश्नोई ने मुखानी थाना और महिला हैल्प में शिकायत दर्ज कराई है कि उसका विवाह दामोदर कालोनी गढ़ रोड मेरठ निवासी उत्कर्ष त्यागी पुत्र अमित त्यागी के साथ 3 दिसंबर 2022 को हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार संपन्न हुआ। महिला के अनुसार विवाह से पूर्व दूल्हा और दुल्हन पक्ष के बीच तय हुआ था कि शादी में जो भी खर्चा होगा उसे दोनों पक्ष आधा-आधा बांटेगे लेकिन जब शादी की तारीख नजदीक आई तो दूल्हा पक्ष ने खर्च देने से मना कर दिया। जिसके बाद उसके पिता ने अपनी जमीन बेच कर विवाह संपन्न् कराया। दहेज में अपनी समर्थ्य से ज्यादा दो दहे दिया। आरोप है कि शादी के कुछ दिन तक सब ठीक रहा लेकिन उसके पति उत्कर्ष त्यागी और सुसर अमित त्यागी का व्यवहार बदल गया। इसके बाद उन्होंने फार्च्यूनर कार की डिमांड कर उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आरोप है कि उसका ससुरा भी उस पर गंदी नजर रखने लगा। पति पर भी मारपीट का आरोप लगाया गया है। महिला ने सुसराल पक्ष से जान माल का खतरा बताते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# खनन माफियाओं के बीच बाजपुर में फिर हुआ खून खच्चर

## दो पक्षों में लाठी-डंडे और तलवारें चली, आधा दर्जन लोग घायल

बाजपुर(उद संवाददाता)। अवैध खनन को लेकर एक बार फिर से दो पक्षों में लाठी-डंडे और तलवारें चल गईं। दिल को दहला देने वाली इस घटना में एक पक्ष के आधा दर्जन लोग बुरी तरह लहूलुहान हुए। खनन माफियाओं पर आरोप है कि उन्होंने ताबड़तोड़ फायरिंग के बीच वहां चढ़कर लोगों को मौत के घाट उतारने का भी प्रयास किया। पुलिस ने इस मामले में तीन को नामजद करते हुए दो दर्जन से अधिक अज्ञात लोगों के विरुद्ध संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। रविवार को कोसी नदी दाबका पार में काशीपुर के गांव गुलजारपुर और बाजपुर के गांव गोबरा नई बस्ती के खनन कारोबारियों के बीच विवाद हो गया। इस दौरान दोनों पक्षों के समर्थक आ धमके। देखते ही देखते दोनों पक्षों में लाठी-डंडे और तलवारें चल गईं। मारपीट में हरवंश, सुलेंद्र, पाला, बलविंदर, सुभाष, भजन घायल हो गए। इस घटना से खनन क्षेत्र में अफरातफरी मच गई। वहां मौजूद इधर-उधर भागने



लगे। लोगों ने घायलों को बाजपुर के उप जिलाचिकित्सालय में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर हरवंश, सुलेंद्र को हायर सेंटर रेफर कर दिया। भजन की तहरीर पर पुलिस ने बलविंदर, जयमल, गुरपेज और 20-25 अन्य लोगों के खिलाफ धारा 147, 148, 149, 307, 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। गौरतलब है कि बाजपुर के बन्नाखेड़ा इलाके में खनन माफियाओं का अपना साम्राज्य है। इस पुलिस चौकी क्षेत्र में दर्जनों स्थानों पर खनन माफियाओं का दबदबा है। सूत्रों की माने तो प्रतिदिन हजारों की तादाद में अवैध खनन से भरे डंपर ट्रैक्टर ट्रॉली एवं ट्रक आदि वाहन सुरक्षित स्थानों पर जाते हैं जिसका स्थानीय चौकी पुलिस को बाकायदा सुविधा शुल्क नियत है। सूत्र बताते हैं कि अवैध खनन को संरक्षण देने के नाम पर बन्नाखेड़ा पुलिस चौकी में करोड़ों की उगाही है। चौकी क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक स्टोन क्रेशर ऐसे हैं जो पूरी तरह मानकों को ताक पर रखकर चलाए जा रहे हैं। इसी तरह अवैध खनन को मानक से ज्यादा स्टॉक करने के आवाज में प्रशासन एवं राजस्व की टीम को मोटा चढ़ावा चढ़ाया जाता है। ऐसे ही सुल्तानपुर पट्टी चौकी क्षेत्र में भी पुलिस के संरक्षण में खनन माफियाओं का बोलबाला है।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, शक्राणुओं की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी। डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।

# अंडर-19 राज्य स्तरीय क्रिकेट लीग प्रतियोगिता शुरू

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड और क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के तत्वाधान में अंडर-19 राज्य स्तरीय क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच उधम सिंह नगर बी और चंपावत के मध्य खेला गया। चंपावत के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया और निर्धारित 50 ओवरों के खेल में पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 235 रन बनाएं। जिसमें गीतांश दत्त ने 52, राम पांडे ने 40 अनमोल जिंदल ने 37 रनों का योगदान दिया। उधम सिंह नगर बी की तरफ से मृत्युंजय पांडे ने 4 प्रियांशु ऊपरवाल ने 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी उधम सिंह नगर बी की टीम 3 विकेट शेष रहते 236 रनो का लक्ष्य प्राप्त कर लिया। जिसमें अभिजीत गंगवार ने नाबाद 49 आदित्य साह ने 39 और यश यादव ने 33 रनों का योगदान दिया। चंपावत की तरफ से अनुपम शुक्ला ने 2 , गुरसिमन और राम पांडे ने एक-एक विकेट लिया। अंडर-19 राज्य स्तरीय प्रतियोगिता उधम सिंह नगर बी ने चंपावत को तीन विकेट से हराकर उद्घाटन में जीत लिया। इस मैच के प्राप्त कर मैच का उद्घाटन किया गया। उन्होंने क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के द्वारा लगातार क्रिकेट प्रतियोगिताओं की उच्च स्तर के करने की सराहना की और खिलाड़ियों के शिशिर शर्मा वरिष्ठ क्रिकेटर, ए के चहल वरिष्ठ क्रिकेटर ,हर्ष गोयल सचिव अल्मोड़ा ,अमित जिंदल ,राहुल पवार ,हिमांशु चौहान ,राजीव ठुकराल ,मोहम्मद नवाज, मोहम्मद कादिर खान,



अंपायर मोहम्मद इसरार अंसारी और गुरजीत सिंह ऑनलाइन स्कोरिंग विजय कश्यप द्वारा की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में केवीएस प्राइवेट लिमिटेड के एमडी देवेंद्र अग्रवाल जी द्वारा खिलाडियों से परिचय उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर को बीएयू के पूर्व कोषाध्यक्ष दीपक मेहरा द्वारा क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर की सराहना की गई। इस अवसर पर राजीव चौधरी उत्तराखंड वेटलिफ्टिंग के महासचिव, शैलेंद्र सिंह,नूर आलम मौजूद रहे। आयोजक समिति ने बताया है कि कल देहरादून ए और हरिद्वार बी के मध्य हाइलैंडर स्पोर्ट्स अकादमी में तथा डेन क्रिकेट अकादमी में नैनीताल ए और चंपावत के मध्य सुबह 8:00 बजे से मैच खेला जाएगा।

# तहसील प्रशासन ने जेल में बंद अब्दुल मलिक को भेजा वसूली का नोटिस

हल्द्वानी। बनभूलपुरा हिंसा का मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक से वसूली की कार्रवाई नैनीताल तहसील प्रशासन के जरिए शुरू हो गई है। तहसील प्रशासन ने नैनीताल जेल में बंद अब्दुल मलिक को वसूली के संबंध में नोटिस भेजा गया है। आठ फरवरी को बनभूलपुरा में अतिक्रमण हटाने गई नगर निगम, पुलिस, प्रशासन की टीम पर हमला हुआ था। इसमें नगर निगम की संपत्ति को उपद्रवियों ने काफी नुकसान पहुंचाया था। इसके बाद नगर निगम ने घटना के मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक को 2 करोड़ 68 लाख के नुकसान का नोटिस भेजा था। हल्द्वानी तहसील के माध्यम से मलिक से वसूली संबंधी कार्रवाई आगे बढ़ी। इसी बीच कमलुवागांजा रोड पर मलिक के शैक्षणिक संस्थान होने का पता चला जो ट्रस्ट के माध्यम से संचालित होता था। बाकी अन्य संपत्ति नजूल पर थी। इसके बाद जिले में अन्य स्थानों पर मलिक की संपत्ति को खोजने का काम शुरू किया गया। इसमें नैनीताल तहसील के अंतर्गत भीमताल के सांगुड़ी गांव में मलिक की आठ नाली से अधिक भूमि होने का पता चला। एसडीएम परितोष वर्मा कहते हैं कि अब वसूली संबंधी प्रक्रिया नैनीताल तहसील के माध्यम से हो रही है। नैनीताल एसडीएम प्रमोद कुमार का कहना है कि प्रक्रिया के तहत पहले मलिक के घर पर साइटेशन भेजा गया था। इसके बाद जेल में जेल प्रबंधन के माध्यम से साइटेशन (नोटिस) भेजा गया है। इसमें राशि जमा करने के लिए कहा गया है। तय समयसीमा में राशि जमा न होने से पर कुर्की समेत अन्य कार्रवाई की जाएगी। वहीं बनभूलपुरा स्थित कंपनी बाग की नजूल भूमि पर कब्जा कर स्टांप पेपर में बेचने और मृत व्यक्तियों के नाम से फर्जीवाड़ा करने की आरोपी साफिया मलिक की जमानत अर्जी को कोर्ट ने खारिज कर दिया है। साक्ष्यों से छेड़छाड़ और फरार होने की आशंका जमानत नहीं मिलने की वजह बनी।

# भाईचारा एकता मंच ने किया संयुक्त मोर्चा का गठन

रुद्रपुर। शहर की दिशा और दशा में सुधार लाने के लिए भाईचारा एकता मंच द्वारा रुद्रपुर संयुक्त मोर्चा का गठन किया गया। जिसमें तराई क्रांति संगठन,कुर्मी महासभा,लघु उद्योग व्यापार मंडल,टेंपो यूनियन आदि के अध्यक्षों के साथ-साथ कई समाजसेवी मोर्चा में शामिल हुए। रुद्रपुर की आहूजा धर्मशाला में आयोजित हुई बैठक में भाईचारा एकता मंच के द्वारा रुद्रपुर संयुक्त मोर्चा का गठन किया गया गठन के अवसर पर तराई क्रांति संगठन के अध्यक्ष कमल श्रीवास्तव ने कहा कि रुद्रपुर की दिशा और दशा बदलने के लिए भाईचारा एकता मंच द्वारा उठाया गया यह एक सराहनीय कदम है हम सबको एकजुट होकर एक साथ इस शहर की दशा और दिशा बदलने के लिए प्रयास करने चाहिए हम सब संयुक्त मोर्चा के अंग बनकर इस शहर में एक नए बदलाव की ओर कदम रखेंगे। संगठन को संबोधित करते हुए लघु उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव गुप्ता ने कहा कि भाईचारा एकता मंच ने आज जो यह कदम उठाया है इसे बहुत पहले हम सबको उठा लेना चाहिए था लेकिन अब



जिस तरह से संयुक्त मोर्चा का गठन किया गया है उससे शहर में व्याप्त भ्रष्टाचार व अन्य कई बुराइयों का अंत होगा। बैठक में टेंपो यूनियन के अध्यक्ष युवा नेता सुब्रत विश्वास ने कहा कि रुद्रपुर में प्रशासनिक अधिकारी बेलगाम है प्रशासन द्वारा मनमानी की जा रही है उसको जवाब देने के लिए संयुक्त मोर्चा का गठन मील का पत्थर साबित होगा। बैठक में कुर्मी महासभा के अध्यक्ष सौरभ गंगवार ने नए मोर्चे के गठन पर सभी को बधाई दी और शहर के अन्य सामाजिक सदस्यों व संगठनों से भी मोर्चा में शामिल होने की अपील की। संगठन के संयोजक व भाईचारा एकता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष के पी गंगवार ने इस अवसर पर पहुंचने वाले सभी सामाजिक,गणमान्य लोगों का अभिनंदन किया तथा संयुक्त मोर्चा की घोषणा करते हुए शीघ्र ही अग्रिम बैठक में संयुक्त मोर्चा की कार्यकारिणी गठन करने का ऐलान किया। इस मौके पर सौरभ गंगवार, कमल श्रीवास्तव,मनोहर लाल गंगवार,रामधारी गंगवार,किशन गंगवार,सुब्रत विश्वास,स्वामी आधार श्रीवास्तव,कपिल सिन्हा, अवतार सिंह बिष्ट,दीपक चराया,उमेश भारती,राधा कृष्ण,भगवान दास गंगवार,संजीव कुमार गुप्ता,मनोज गुप्ता, ओमप्रकाश गंगवार,संतोष कुमार सक्सेना,भाईचारा एकता मंच की महिला टीम से सुमन पंत,ममता श्रीवास्तव, आरती मौर्य जगदीश बैध,प्रदीप कुमार, आदि सामाजिक लोग मौजूद रहे।

# नानकमत्ता निकाय चुनाव कांग्रेस मजबूती से लड़ेगी : गोपाल राणा

नानकमत्ता। लोकससभा चुनाव में निकाय चुनाव में कांग्रेस मजबुती से चुनाव लड़ने जा रही है। ये बात क्षेत्र के विधायक गोपाल सिंह राणा ने नगर में नगर पंचायत के चुनाव कार्यालय के उदघाटन के दौरान कही। श्री राणा ने उदघाटन को सम्बोंधित करते हुये गोपाल सिंह राणा ने कहा कि लोकसभा चुनाव उनकी पार्टी जीतने जा रही है, और निकाय चुनाव में भी कांग्रेस मजबुती से चुनाव लड़वाएंगी। कांग्रेस से समान्य सीट एंव जनजाति सीट की प्रबल



कहा कि निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस अभी से सर्तक है, खटीमा रोड पर कांग्रेस के चुनाव कार्यालय के दावेदार हरिओम राणा ने भी कांग्रेस के मजबुत होने का दावा करते हुये कहा निकाय चुनाव में सभी कार्यकर्ता अभी से जुट जाएं। हरिओम राणा ने कहा कि नगर पंचायत का चुनाव कांग्रेस के टिकट पर वह लड़ने जा रहें है। और अभी से कार्यकर्ताओं के तालमेल कर प्रचाार में जुट रहें है। इस मौके पर हरिओम राणा, जितेन्द्र राणा, सतनाम सिंह करनावल, प्रकाष कुमार, सतपाल सिंह , निषिकेत भटट, निषान सिह, चंचल सिंह, बलवंत सिंह, सुरेन्द्र सिंह करनावल, अनीष राणा आदि मौजूद थे।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
अर्जेन्ट सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

# ट्रांजिट कैंप से यूपी जाने के लिए निकला वृद्ध हुआ लापता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप गंगापुर रोड से उत्तर प्रदेश स्थित अपने मूल निवास जाने के लिए निकला एक वृद्ध संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। प्रकाश कुमार पुत्र राम लखन निवासी कौशल्या इन्केलव गंगापुर रोड़, ट्रांजिट कैम्प का कहना है कि 27 अप्रैल को सुबह करीब 11 बजे उसके पिता राम लखन घर से यह बोलकर निकले कि वह अपने गांव हरैया तहसील हरैया जिला बस्ती उ०प्र० जा रहे हैं। उसके बाद रात्रि करीब 9 बजे उसकी पिता से बात हुयी तो उन्होने कहा कि लखनऊ पहुंच गया हूं। उसके बाद से पिता का फोन नम्बर स्विच ऑफ आ रहा है। जब गांव में अपने परिचित को कॉल करके पूछा कि पिता जी गांव पहुंचे है क्या तो उन्होने बताया कि वो यहां पर नही आये है। उसके बाद उसने अपने पिता की सभी सम्भावित जगह व रिश्तेदारी में खोजबीन कर ली है परंतु पिता का कोई पता नही चल रहा है। उनकी खोजबीन की जा रही है।



# बोल रहे सब एक ही नाम, जय बजरंगी जय हनुमान





## श्री हनुमान जन्मोत्सव में भजन सम्राट नंदकिशोर नंदू व टी सीरीज की प्रसिद्ध भजन गायिका मोना मेहता के भजनों पर झूमे श्रद्धालु




किच्छा(उद संवाददाता)। श्री बालाजी मंडल किच्छा के सौजन्य से श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार पुरानी गल्ला मंडी श्री रामलीला मैदान किच्छा में सजाया गया। इस शुभ अवसर पर भंडारे का भी आयोजन किया गया दरबार का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में रुद्रपुर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, संजय ठुकराल, अजय तिवारी , विवेक दीप सिंह आदि कहीं गणमान्य लोगों ने मिलकर ज्योत प्रज्वलित की साथ ही भक्तों द्वारा गुरु वंदना, गणेश वंदना, हनुमान चालीसा, श्री प्रेतराज सरकार की आरती व आज शनिवार है से शुरू हुआ । वहीं दरबार में रामनगर काशीपुर, गदरपुर, दिनेशपुर, रुद्रपुर, लालपुर, नानकमत्ता, बहेड़ी बरेली, रामपुर,मिलक आदि क्षेत्रों से पहुंचे भक्तों ने दरबार में अपनी हाजरी लगायी । फिर हुआ दरबार का सिलसिला शुरू जिसमें अहमदाबाद के भजन सम्राट नंदकिशोर शर्मा नंदू जी ने भर दे रे श्याम झोली भर दे, बोल रहे सब एक ही नाम जय बजरंगी जय हनुमान आदि बहुत से भजन सुना कर भक्तों को किया निहाल वही हरियाणा फतेहाबाद की टी–सीरीज की प्रसिद्ध भजन गायिका मोना मेहता ने देव हजारो सबसे है डिफरेंट बालाजी हर बिगड़े काम बनाते हैं अर्जेंट बालाजी, बालाजी से मिला तो यह कमाल हो गया मैं तो रातों रात मालामाल हो गया, ना धन दौलत में मांगू ना ही वोट बालाजी बस थारे नाम की चाहिए मने सपोर्ट बालाजी, हम देख तेरा दरबार,दीवाने हो गये, चलो मेहंदीपुर दरबार बाबा मने प्यारो लागे मने प्यारो लागे, मैं के बोलूं बालाजी तने सब बाता का फेरा से पिछले साल बड़े तारे पर अब के नंबर मेरा से, मेहंदीपुर के रण रंगी सालासर के बजरंगी दोनों भक्तों के रखवाले हैं, सेवक नहीं है हनुमान के जैसा दाता नहीं श्रीराम के जैसा, श्री राम का ऐसा दीवाना दूसरा कोई नहीं, राम बस्ता मेरे में मेरा राम बस्ता आदि भजनों से हजारों श्रद्धालुओं को भक्ति रस में गोते लगाने को मजबूर कर दिया वही रुद्रपुर से पहुंचे बाबा भक्त मंडल के अध्यक्ष विक्की मुंजाल, महामंत्री साहिल आहूजा सहित सभी सदस्यों को शॉल उड़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर मंच पर सम्मानित किया गया । फिर श्री राम जी, श्री बालाजी,श्री भैरव जी की आरती के पशचात जल के छींटे मंडल के पंडित द्वारा दिए गये फिर बाबा को 56 भोग लगाकर मंडल द्वारा प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर बालाजी मंडल किच्छा के अध्यक्ष राकेश गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री राम अवतार उपाध्यक्ष श्री विवेक दीप सिंह, सचिव पिंटू गुप्ता, उपसचिव अंकित बठला, महामंत्री मनीष मुंजाल, कृष्णा राठौर, जगतार सिंह, साहिल कालरा, अमन राठौर, चंद्रपाल जायसवाल, रोहित गुप्ता, किशोर मोर्य, विजय अग्रवाल सुषमा अग्रवाल विनीत जैन, विक्की मुंजाल, साहिल आहूजा, सुमित सहगल, तुषार आहूजा, गर्वित मुंजाल, कपीश सुखीजा, नरेश ग्रोवर,बिट्टू ग्रोवर,गगन ग्रोवर, विजय चिलाना , नौनी ग्रोवर, आदि हजारों भक्तों ने बाबा के दरबार मैं पहुंच कर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया।



## रुद्रपुर पहुंचने पर भजन गायिका मोना मेहता का किया स्वागत

रुद्रपुर। किच्छा मे आयोजित श्री बालाजी दरबार में पहुंचने से पूर्व काशीपुर रोड नवरंग वाटिका में टी–सीरीज की प्रसिद्ध भजन गायिका मोना मेहता एवं उनके भाई सन्नी मेहता का बाबा भक्त मंडल के सदस्यों ने मौके पर बाबा मंडल के अध्यक्ष विक्की मुंजाल के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया। इस दौरान मोना मेहता ने विक्की मुंजाल एवं उनकी पूरी टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देवभूमि में खासकर रुद्रपुर में उन्हें जो स्नेह और अपनापन मिलता है उसे वह भूल नही सकती। स्वागत करने वालों में महामंत्री साहिल आहूजा, संरक्षक संजय ठुकराल, मीडिया प्रभारी कपीश सुखीजा आदि शामिल थे।



# बैडमिंटन व टेबल टेनिस प्रतियोगिता का समापन




## उत्तराखण्ड ओलम्पिक एसोसिएशन के महासचिव डा. डीके सिंह ने विभिन्न विद्यालयों के विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र वितरित किए



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। होली चाइल्ड स्कूल में आयोजित स्वर्गीय करतार देवी अन्तरविद्यालयी बैडमिंटन और टेबल टेनिस प्रतियोगिता का रविवार को विधिवत समापन हुआ। इस समारोह के मुख्य अतिथि उत्तराखण्ड ओलम्पिक एसोसिएशन के महासचिव डा. डीके सिंह के द्वारा विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी व प्रमाण–पत्र वितरित किए गए। इसके साथ–साथ विभिन्न क्षेत्रों के 16 विद्यालयों से आए हुए सभी प्रशिक्षकों व ऑफिसियल को भी मुख्य अतिथि द्वारा विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संदेश में सभी विजेताओं को बधाई दी व अन्य खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने होली चाइल्ड स्कूल के इस प्रतियोगिता के आयोजन के लिए विशेष रूप से सराहना की तथा कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से खेल की प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलता है। बैडमिन्टन एकल प्रतियोगिता में अण्डर 13 बालक वर्ग में प्रबल कार्की (स्टोन रिज, रूद्रपुर) व बालिका वर्ग में सनाया जुनेजा (अमेनिटी पब्लिक स्कूल, रूद्रपुर), अण्डर 15 बालक वर्ग में रूद्राक्ष नांरग (होली चाइल्ड स्कूल, बिलासपुर) व बालिका वर्ग में तनुजा पाण्डे (राजकीय हाई स्कूल, गदरपुर), अण्डर 17 बालक वर्ग में ईशान गुप्ता (अमेनिटी पब्लिक स्कूल, रूद्रपुर) एवं बालिका वर्ग में तनुजा पाण्डे (राजकीय हाई स्कूल, गदरपुर) ने प्रथम स्थान अर्जित किया। बैडमिन्टन डबल्स प्रतियोगिता में अण्डर 13 बालक वर्ग में हरदित्य व कनव एवं बालिका वर्ग में सनाया जुनेजा व प्रियाल (अमेनिटी पब्लिक स्कूल, रूद्रपुर), अण्डर 15 बालक वर्ग में रूद्राक्ष नांरग व प्रियांशु (होली चाइल्ड स्कूल, बिलासपुर) एवं बालिका वर्ग में शिवि व मनसा (डीपीएस, रूद्रपुर), अण्डर 17 बालक वर्ग में ईशान गुप्ता व जय (अमेनिटी पब्लिक स्कूल, रूद्रपुर) एवं बालिका वर्ग में शिवि व मनसा (डीपीएस, रूद्रपुर) ने प्रथम स्थान अर्जित किया। टेबल टेनिस एकल प्रतियोगिता के अण्डर 13 बालक वर्ग में अथर्व जुयाल (औरम ग्लोबल स्कूल, हल्द्वानी) एवं बालिका वर्ग में गरिमा बिष्ट (इंसपाइरेशन पब्लिक स्कूल, हल्द्वानी), अण्डर 15 बालक वर्ग में एकलव्य ढींगरा (इंसपाइरेशन पब्लिक स्कूल, हल्द्वानी) एवं बालिका वर्ग में रजवी सैनी (आरएएन, रूद्रपुर), अण्डर 17 बालक वर्ग में शिवांग दसिला (इंसपाइरेशन पब्लिक स्कूल, हल्द्वानी) एवं बालिका वर्ग में वेदिका शर्मा (आरएएन, बिलासपुर) ने प्रथम स्थान अर्जित किया।टेबल टेनिस डबल्स प्रतियोगिता में अण्डर 15 बालक वर्ग में हर्षित व बासु (होली चाइल्ड स्कूल, बिलासपुर), अण्डर 17 वर्ग में कनिष्क व पार्थ (डीपीएस, रूद्रपुर) ने प्रथम स्थान अर्जित किया।इस अवसर पर विद्यालय के सरपरस्त श्री योगराज बत्रा, चेयरमैन श्री आरङ्ककेङ्कबत्रा, वाइस चेयरमैन श्री विकास बत्रा, एमङ्कडीङ्क श्रीमति पूजा बत्रा, श्री विनय बत्रा, विद्यालय के प्रध ानाचार्य श्री मिंटू दुबे, उप–प्रधानाचार्य श्री प्रदीप कुमार जोशी एवं श्रीमति मंजू अधिकारी, शारीरिक शिक्षा विभाग प्रमुख– श्री सुधाकर सिंह, श्री राजेश कुमार, श्री अशोक सिंह, शिवानी बिष्ट, टेन्विक स्पोर्ट्स के क्षेत्रीय अधि कारी श्री कपिल, बैडमिन्टन कोच श्री कपिल पवार एवं टेबल टेनिस कोच श्री विकास ने सभी विजेताओं को बधाई दी।

# शारदा कॉरीडोर का होगा भव्य निर्माण : धामी

चंपावत(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री ने मां पूर्णागिरी मेले के संबंध में विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि पूर्णागिरी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम, सुरक्षित हो। श्रद्धालुओं को यात्रा एवं पैदल मार्गो पर किसी तरह की कोई दिक्कत न हो, इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। उन्होने कहा सभी की सहभागिता से पूर्णागिरी मेले को नया स्वरूप देना है। हमारा संकल्प है कि पूर्णागिरी मेले से श्रद्धालु अच्छा अनुभव लेकर जाए। मुख्यमंत्री ने शारदा कॉरीडोर (शारदा रिवर फ्रंट डेवलपमेंट) के विकास कार्य बारे में भी जानकारी लेते हुए कहा कि शारदा कॉरिडोर का भव्य निर्माण हो इसके लिए यू.आई.डी.बी को जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने कहा क्षेत्र का विकास दीर्घ कालीन विजन के साथ किया जाए। सीएम धामी ने कहा कि हमें वर्तमान के साथ भविष्य के विकास को भी ध्यान के रखना है। उन्होंने कहा सभी विभाग, पूर्णागिरी मेला क्षेत्र में अस्थाई व्यवस्थाओं की जगह स्थाई व्यवस्थाओं पर अधिक प्रथमिकता दे। साथ ही सभी ऑनरशिप लेकर कार्य करें। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को मेले हेतु फिर मैनपावर का आंकलन करने के निर्देश दिए। आपको बता दें कि देवभूमि उत्तराखंड को स्प्रिचुअल जोन के रूप में विकसित करने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की योजना है। इसके तहत कुमाऊं के सभी धार्मिक स्थलों का मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत सौंदर्यीकरण और विकास किया जा रहा है। इसी के तहत शारदा कॉरीडोर का भी निर्माण होना है। शारदा कारीडोर के अंतर्गत शारदा नदी के घाटों का सुंदरीकरण किया जाएगा। सीएम धामी ने शारदा एवं बूम घाट में नियमित रुप से हो भव्य शारदा आरती के आयोजन करने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने कहा कि स्थानीय लोगों, मंदिर समिति एवं प्रशासन के सहयोग से शारदा एवं बूम घाट में नियमित रुप से भव्य शारदा आरती का आयोजन किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक इस आरती से जोड़ा जाए और आरती के लिए जागरूक किया जाए।



# सड़कों पर आवारा घूमते गौवंश को पकड़कर की गई टैगिंग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर निगम द्वारा सड़कों में आवारा घूम रहे गौवंश को पकड़ने की कार्यवाही की गयी। अभियान के दौरान नगर निगम क्षेत्रांतर्गत विभिन्न स्थानों से 11 गायों को पकडा गया । 11 गायों में से पूर्व में टैगड 3 गाये थी। 8 गायों की टैगिंग पशु पालन विभाग की टीम द्वारा वही पर किया गया। 3 पूर्व से टैग गायों में से एक गाय के रजिस्ट्रेशन से उसके मालिक के सम्बंध में पता चला। उस गाय के मालकिन का नाम सरस्वती देवी पत्नी लक्ष्मी दत्त पांडे, देवरिया किच्छा कि रहने वाली है। उनकी गाय को नगर निगम क्षेत्रांतर्गत नवीन मंडी में पकडा गया। उनके खिलाफ न्यायालय नगर मजिस्ट्रेट द्वारा उन पर चालानी कार्यवाही की गयी है। सभी गायों को नगर निगम द्वारा संचालित अस्थायी गौशाला में रखा गया है। सभी गायों के मालिकों से कहा गया है कि वो अपनी गायों को प्राप्त करने के लिए नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय में आवेदन करे।



# हादसे की मजिस्ट्रियल जॉच शुरू

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। जिला मजिस्ट्रेट विनीत तोमर ने बताया कि गत 15 अप्रैल सांय लगभग 3:30 बजे तहसील अल्मोड़ा अन्तर्गत धौलछीना-सेराघाट मोटर मार्ग पर गंगोलीहाट से भीमताल को जा रहे वाहन संख्या यूके 04जी 641 (आल्टो कार) कसाण बैण्ड के पास अनियन्त्रित होकर 200 मीटर लगभग नीचे गहरी खाई में गिर कर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इस दुर्घटनाग्रस्त वाहन में कुल 4 व्यक्ति सवार थे। जिसमें से एक महिला की मौके पर ही एवं अन्य एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी। इस दुर्घटना में 2 व्यक्ति घायल हुए। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेस चिकित्सालय, अल्मोड़ा रैफर किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त वाहन दुर्घटना के कारणों की मजिस्ट्रियल जॉच हेतु उप जिलाधिकारी सदर अल्मोड़ा को जॉच अधिकारी नामित किया गया है। उन्होंने जॉच अधिकारी को निर्देश दिये है कि उक्त वाहन दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जॉच कर सुस्पष्ट जॉच आख्या एक पक्ष के अन्दर जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।



# नुपूर के कलाकारों की प्रस्तुति ने मोहा मन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नूपुर कल्चरल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा अपने प्रेरणास्रोत स्वर्गीय वेदप्रकाश गुप्ता कि स्मृती में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम वेदक 2024 का शुभारंभ मेयर डॉ जोगेंद्र रौतेला, बीएलएम एकेडमी प्रबंधक साकेत अग्रवाल व विश्व विख्यात कथक नृत्यागना श्रुती सिन्हा, संस्थाध्यक्ष मीनू अग्रवाल बिष्ट, देवेंद्र बिष्ट द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। नूपुर कला केंद्र के कलाकारों द्वारा गणेश वंदना द्वारा भगवान गणेश से कार्यक्रम की सफलता का आशीर्वाद लिया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि भारतीय संगीत और नृत्य से हमें प्रेरणा मिलती है। भारतीय संगीत कि विश्व में एक अलग पहचान है। यह कार्यक्रम कलाकारों के लिये प्रेरणा बनेगा। कथक नृत्यागना श्रुती सिन्हा ने कहा कि यह कार्यक्रम नूपुर का एक अच्छा प्रयास है। कार्यक्रम से स्थानीय कलाकारों को मंच मिलेगा। स्थानीय लोगों को अंतराष्ट्रीय कलाकारों को देखने व सुनने का अवसर प्राप्त होगा। संस्थाध्यक्ष मीनू अग्रवाल बिष्ट ने कहा कि दो दिवसीय यह सांस्कृतिक संगम में फोक डांस व गायन प्रतियोगिता रखी गयी है और कार्यक्रम उदयीमान कलाकारों व संगीतकारों को मंच प्रदान करेगा। जिसमें उन्हें अपनी प्रतिभा को विकसित करने का अवसर मिल सकेगा। कार्यक्रम में संरक्षिका आदेश अग्रवाल, सौम्या अग्रवाल, सिद्धांत अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, तरुण बंसल, पुनीत अग्रवाल, माला बिष्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, दर्जा राज्यमंत्री डॉ. अनिल डब्बू,भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, महेश खुलबे, संदीप कुकसाल,नूपुर स्टाफ व श्रोता मौजूद रहे।



# भाविप का दायित्व ग्रहण समारोह संपन्न

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद शाखा का दायित्वग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। समारोह में प्रांतीय महासचिव हरीश शर्मा ने रुद्रपुर शाखा के नवनियुक्त सदस्यों को शपथ दिलाई। जिसमें शाखा अध्यक्ष विष्णु कुमार सक्सेना, सचिव राहुल सिंघल, कोषाध्यक्ष शक्ति बठला, उपाध्यक्ष (सेवा) डा. वीपी.गुप्ता, उपाध्यक्ष (संस्कार) आनंद अग्रवाल, उपाध्यक्ष (संपर्क) केवल कृष्ण इश्पुजानी, उप सचिव जतिन अग्रवाल एवं राजेंद्र सहाय, महिला संयोजिका गुंजन खेड़ा, सह संयोजिका काजल सिंघल एवं ईशा नारंग,राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता कार्यक्रम संयोजिका स्नेहा मिड्ढा एवं सीमा बिंदल ,भारत को जानो प्रतियोगिता कार्यक्रम संयोजक विवेक बिसेन, निशा अरोरा, सान्या गंभीर, गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम संयोजिका, मंजू सिंघल एवं तन्वी गोयल,गुरु तेग बहादुर बलिदान दिवस कार्यक्रम संयोजक कीर्ति निधि शर्मा एवं हरीश इश्पुजानी , स्थापना दिवस (10 जुलाई) कार्यक्रम संयोजक संजीव अरोरा एवं निखिल टंडन, रक्तदान कार्यक्रम संयोजक यमन बब्बर एवं संदीप पुंशी, नेत्रदान कार्यक्रम संयोजक संजय कुमार एवं सुरेश बब्बर, नशा मुक्ति कार्यक्रम संयोजिका दीप्ति सलूजा एवं निधि मित्तल, मीडिया प्रभारी अमित अरोरा, सरल सामूहिक विवाह संयोजक कैलाश अग्रवाल एवं विपिन लूथरा, पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम संयोजक विशाल गोयल एवं राघवेन्द्र माथुर को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विहिप उत्तराखंड ईस्ट चेरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन कश्मीर सिंह विर्क, राष्ट्रीय प्रकल्प सदस्य नरेंद्र अरोरा, प्रांतीय कोषाध्यक्ष दीपक अरोरा, प्रांतीय संरक्षक विजय भूषण गर्ग,भाविप चेरिटेबल ट्रस्ट, रुद्रपुर के चेयरमैन हरनाम चौधरी, प्रांतीय प्रकल्प संयोजिका पारुल गुप्ता, प्रांतीय प्रकल्प संयोजक अमित गंभीर, रुद्रपुर सिटी कोऑर्डिनेटर मनोज अरोरा एवं रुद्रपुर शाखा के मनीष अग्रवाल, अजय अग्रवाल, डा. प्रदीप अदलखा, गुरमीत सिंह, गौरव सिंघल, मनोज मित्तल, सुरेश बब्बर, राज कुमार खनिजों, भारत भूषण चुग, शरद गुप्ता आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कीर्ति निधि शर्मा, राहुल सिंघल व शक्ति बठला ने किया।



# लेट पहुंची हावड़ा लालकुआं ग्रीष्मकालीन एक्सप्रेस ट्रेन

लालकुआं(उद संवाददाता)। हावड़ा से चलकर लालकुआं पहुंची हावड़ा लालकुआं समर स्पेशल ट्रेन अपने पहले फेरे में ही करीब 8 घंटे विलंब से लालकुआं रेलवे स्टेशन पहुंची जिसके चलते रेल यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा । हावड़ा से शुक्रवार को रात्रि में 11.30 बजे प्रस्थान करने वाली05059 हावड़ा लालकुआं ग्रीष्मकालीन एक्सप्रेस ट्रेन पहले फेरे में ही 8 घंटे से अधिक लेट लतीफ का शिकार हुई । हावड़ा से जो ट्रेन 11:30 शुक्रवार को रात्रि में चलनी थी। वह सुबह हावड़ा से चल सकी जो गोरखपुर में पहुंचते पहुंचते दूसरे दिन शनिवार शाम को 10:10 पर गोरखपुर पहुंचनी थी । वही वह ट्रेन रविवार को 9:25 पर सुबह गोरखपुर पहुंची तथा तीसरे दिन जिस ट्रेन को 10:50 पर सुबह पीलीभीत पहुंचना था वह शाम 7:16 पर पीलीभीत से रवाना हुई। जिस ट्रेन को रविवार लालकुआं दोपहर 1.55 मिनट पर लालकुआं पहुंचना था वह ट्रेन लेट लतीफ के चलते रात्रि 10:05 पर लालकुआं रेलवे स्टेशन पर पहुंची।



# चोरी की बाईक सहित स्मैकिया गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नशे की लत को पूरा करने के लिए बाईक चोरी कर फरार हुए शातिर स्मैकिए को मंगल पड़ाव चौकी पुलिस ने चोरी की बाईक सहित गौलापार से गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 24 अप्रैल को वादी अशरफ पुत्र असलम निवासी मल्ला चौकी काठगोदाम ने कोतवाली में आकर तहरीर दी कि किसी अज्ञात द्वारा उसकी मोटरसाइकिल महावीर वाली गली मंगल पड़ाव से चुरा ली गई है। तहरीर के आधार पर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना उपनिरीक्षक दिनेश चंद्र जोशी, प्रभारी चौकी मंगल पड़ाव को सुपुर्द की गई। प्रभारी चौकी मंगल पड़ाव व पुलिस टीम द्वारा कार्ययोजना बनाकर मुखबिर की सूचना पर चोरी की घटना में संलिप्त अभियुक्त को मोटरसाइकिल के साथ गोलापार से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता सौरभ आर्या पुत्र योगेश चन्द्र निवासी बागजाला गौलापार थाना काठगोदाम बताया। उसके पास से चुराई मोटर साइकिल संख्या यूके 04 डब्लू 4197 बरामद कर ली गई।पूछताछ करने पर सौरभ ने बताया कि वह इंटर पास है। बुरी संगत में पड़कर अभी स्मैक पीना सीखा हूं। स्मैक पीने के लिए पैसे नहीं थे इसलिए चोरी करने लगा। उक्त बाइक को उसने 24 अप्रैल को मास्टर की से चुराया था जो उसके पास हमेशा रहती है। बाजार में घूमता रहता हूं जैसे ही मौका लगता है मास्टर की बाइक में लगाकर बाइक चुरा लेता हूं और बेचकर पैसे कमा लेता हूं। पुलिस टीम में दिनेश चंद्र जोशी, प्रभारी चौकी मंगलपड़ाव, कांस्टेबल संतोष बिष्ट व कमलेश नोला शामिल थे।



# महिला पुलिस कर्मी ने घायल को पहुंचाया अस्पताल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। 31 वाहिनी पीएसी रूद्रपुर में तैनात श्रीमती सरस्वती ह्यांकी जोशाल अपर उपनिरीक्षक ने हादसे में घायल स्कूटी सवार परिवार को उपचार के लिए तत्काल चिकित्सालय पहुंचकर उनके जीवन के रक्षा की। जिसकी सभी द्वारा सराहना की जा रही है। जानकारी के अनुसार 31 बंटालियन पीएसी में तैनात श्रीमती सरस्वती ह्यांकी जोशाल अपर उपनिरीक्षक की यहां गैस गोदाम रोड़ पर छड़ायल मार्ग में हनुमान जयंती जुलूस ड्यूटी में तैनात थीं। इसी दौरान गैस गोदाम रोड की तरफ से एक व्यक्ति गोविंद सिंह पुत्र दीवान सिंह, निवासी बिरला स्कूल के पास छडायल अपनी पत्नी और बेटी को स्कूटी में बैठाकर घर को लौट रहे थे। उसी समय एक अंजान व्यक्ति मोटर साइकिल में तेज गति से आया और उनके स्कूटी को टक्कर मारकर फरार हो गया। जिस गोबिंद सिंह का पूरा परिवार चोटिल हो गया। यह देखकर ड्यूटी में तैनात अपर उपनिरीक्षक तुरंत मौके पर आईं और एक राह चलती कार को रोककर घायल व्यक्ति सहित उसके परिवार को सेंट्रल हॉस्पिटल में त्वरित उपचार हेतु ले गईं। इसके पश्चात डॉक्टरों द्वारा घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उचित उपचार दिया जा रहा है। महिला पुलिस कर्मी ने घायलों के नजदीकी परिजनों तथा थाना मुखानी की पुलिस को सूचित किया गया। परिजनों ने महिला पुलिस कर्मी का आभार व्यक्त किया तथा स्थानीय लोगों ने सराहना की।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## आतंकियों की घुसपैठ

जिस समय जम्मू-कश्मीर में लोकसभा के लिए मतदान हो रहा था, उसी दौरान बारामूला में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ चल रही थी। उसमें सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया, हालांकि दो सैनिक भी जख्मी हो गए। यह मुठभेड़ दो दिनों तक चली। सुरक्षाबलों को उस इलाके में आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। गनीमत है कि चुनाव के दौरान किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने से पहले आतंकियों को मार गिराया गया। बारामूला नियंत्रण रेखा पर स्थित जिला है। वहां सीमा पार से घुसपैठ कर आतंकियों के आने में पाकिस्तानी सेना का भी सहयोग मिलता है। अनेक मौकों पर देखा गया है कि घुसपैठ कर आए आतंकियों की भारतीय सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ होती है, तो उधर से पाकिस्तानी सेना भी गोलीबारी शुरू कर देती है, ताकि उन्हें लक्षित स्थान तक पहुंचाया या फिर वापस लौटने में मदद की जा सके। मगर भारतीय सेना पाकिस्तानी सेना और आतंकियों की ऐसी रणनीतियों से वाकिफ है और उन पर लगातार नजर बनाए रखती है। इस समय भारत में लोकसभा के चुनाव चल रहे हैं, जाहिर है वे आतंकी इसमें खलल डालने के इरादे से ही इधर आए थे। भारतीय सेना की सक्रियता और तत्परता का ही नतीजा है कि सीमा पार से प्रशिक्षण पाए आतंकियों की घुसपैठ में काफी कमी आई है। यह भी उल्लेखनीय है कि चुनाव के इस माहौल में घाटी में आतंकी घटनाएं नहीं होने पाई हैं। जबसे जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त हुआ है, अलगाववादी ताकतें स्थानीय लोगों को भड़काने और वहां उग्रवाद को तेज करने का प्रयास करती रही हैं। पाकिस्तान लगातार इसे जम्मू-कश्मीर की संप्रभुता पर हमला करार देता रहा है। मगर अब वह पहले की तरह स्थानीय लोगों को भड़काने और बरगलाने में कामयाब नहीं हो पा रहा है। लगातार तलाशी अभियान और सीमा पर कड़ी नजर रखी जाने से घुसपैठ कराने की उसकी योजनाएं सफल नहीं हो पातीं। पहले वह सड़क मार्ग से तिजारती सामान में हथियार वगैरह छिपा कर इस तरफ पहुंचाने में कामयाब हो जाता था, मगर जबसे तिजारत के रास्ते बंद हैं, वह ऐसा नहीं कर पाता। पंजाब के कुछ इलाकों में ड्रोन के जरिए हथियार, गोला-बारूद और पैसे गिराने की कोशिश करता है, पर वहां भी अत्याधुनिक निगरानी प्रणाली स्थापित हो जाने से उसे मुंह की खानी पड़ रही है। हालांकि सरकार का दावा है कि घाटी में आतंकी गतिविधियों पर काफी हद तक नकेल कसी जा चुकी है, पर अब भी स्थानीय लोगों में भरोसा पैदा होने का दावा करना मुश्किल है। घाटी में पाकिस्तान की तरफ से आतंकवाद को मिल रहे समर्थन पर जरूर अंकुश लगा नजर आ रहा है, मगर स्थानीय युवाओं को दहशतगर्दी के रास्ते से अलग कर मुख्यधारा में शामिल करना अब भी चुनौती है। पिछले कुछ महीनों में शैक्षणिक संस्थानों में आतंकी तैयार करने वालों की पहचान होने, बाहरी लोगों को निशाना बना कर मारने और कई मौकों पर सुरक्षाबलों के काफिले पर हमला करने की घटनाओं से जाहिर है कि घाटी में आतंक की जड़ें अभी बनी हुई हैं और मौका पाकर कल्ले फोड़नी शुरू कर देती हैं। ऐसे प्रमाण भी मिले हैं कि स्थानीय युवाओं में हथियार उठाने की दर बढ़ी है।

# हमारे जीवन की यात्रा बगैर किसी उद्देश्य के शुरू होती है : आचार्य प्रशांत

ग्रेटर नोएडा। प्रशांत अद्वैत फाउंडेशन के संस्थापक एवम पूर्व सिविल सेवा अधिकारी आचार्य प्रशांत ने कहा है कि जिसने भी अपने जीवन



मे गीता को उतार लिया उसके भीतर के सभी विकार,अंधविश्वास, भय, भ्रम स्वत: समाप्त हो जाएंगे। नॉलेज पार्क स्थित केसीसी कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय संत सरिता सम्मेलन में आचार्य प्रशांत ने कहा कि हमारे जीवन की यात्रा बगैर किसी उद्देश्य के शुरू होती है तथा बिना कोई लक्ष्य प्राप्त किये समाप्त हो जाती है हम यह जानते ही नही की हमे क्या पाना है ? पहले जानो की तुम कौन हो तुम्हे क्या चाहिए तभी कुछ हांसिल कर सकते हो। उन्होंने कहा कि जैसे हम भीतर से होते हैं वैसा ही हमारा संसार हो जाता है, पर हम खुद को बदलते ही नही क्योंकि खुद को बदलने के लिए चुनौती उठानी पड़ती है उसके लिए हम तैयार ही नही होते। आचार्य प्रशांत ने कहा हमारा जीवन बेचौनी में ही बीत रहा है जब तक हम नींद में होते हैं तब तक दु:ख का अनुभव नही होता लेकिन जैसे ही उठते हैं दुख का अनुभव होने लगता है तरह तरह के काल्पनिक विचार उठने लगते हैं यह होता ही इसीलिए है कि हम बेहोशी की जिंदगी जीते हैं ,अगर होश में रहकर सही लक्ष्य के साथ आगे बढ़ेंगे तो भय, चिंता,असुरक्षा, भ्रम, काल्पनिक विचार उठने स्वत: समाप्त हो जाएंगे तथा मुक्ति की और जाने का रास्ता खुल जायेगा। उन्होंने कहा कि अध्यात्म जिंदगी को करीब लाने की प्रक्रिया है जिसने भी गीता को जीवन मे उतार लिया वह बन्धनों से मुक्त हो गया। खोजने के लिए तो ब्रह्मांड में अनेकों विषय हैं सभी विषयों को तो खोज नही सकते हैं हमारे पास सीमित समय है इसीलिए हम अधूरी कामनाओं में ही मर जाते हैं हम बाहर को खोजने निकल पड़ते हैं जबकि जो चाहिए वह हमारे भीतर मौजूद हैं यह हमें बताया ही नही जाता, हम आत्मनिरीक्षण भी नही करते कि हमे चाहिए क्या है ? इसीलिए हमारे ऋषि मुनि व संत बता कर गए हैं कि धर्म अंधविश्वास को हटाने की प्रक्रिया है जो धार्मिक नही है वह अंध विश्वासी ही होगा यह निश्चित है। उन्होंने कहा कि हम कुछ पाने के लिए बेचौन रहते हैं जबकि हमे कैसे पता जिस वस्तु को पाने के लिए हम बेचौन हैं वह हमारे लिए उपयोगी ही साबित होगी? हम आत्मज्ञान के अभाव में अहंकार के चलते स्वंय ही यह तय कर लेते हैं की हम कह रहे हैं तो वह ठीक ही होगी। पहले जानो फिर उसको प्राप्त करो यही ज्ञान है। गीता में भी भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को जो उपदेश दिया था उसमे भी यही कहा था कि पहले जानो फिर धर्म क्या है अधर्म क्या है फिर धर्म की खातिर चाहे प्राण भी चले जायें पीछे नही हटना है यही जीवन का उद्देश्य होना चाहिए।

# सिंचाई विभाग ने मार्ग सुधारीकरण का कार्य किया शुरू

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक की चेतावनी के बाद सिंचाई विभाग द्वारा मार्ग सुधारीकरण का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। अल्मोड़ा जाखनदेवी से आईएसबीटी के मुख्य मार्ग को जोड़ने वाला पैदल मार्ग नाला निर्माण ना हो पाने के कारण लम्बे समय से क्षतिग्रस्त पड़ा था। जिस कारण क्षेत्रवासियों को झाड़ियों में से होकर आवागमन करना पड़ रहा था और स्थानीय लोगों में भारी रोष व्याप्त था। जनहित में मौके पर पहुंचे पूर्व दर्जामंत्री बिट्टू कर्नाटक ने अविलम्ब मार्ग सुधारीकरण का कार्य प्रारम्भ ना होने पर आन्दोलन की चेतावनी विभाग के अधिकारियों को दी थी। जिसके बाद सिंचाई विभाग हरकत में आया और मार्ग सुधारीकरण का कार्य प्रारम्भ हुआ। विदित हो कि सिचाई विभाग कार्यदाई संस्था के द्वारा लगभग एक साल से नगर में लगभग बीस करोड़ की धनराशि से नालों का निर्माण होना है। किन्तु एक साल होने को है लेकिन नालों का निर्माण कार्य बीस प्रतिशत भी नहीं हो पाया है। स्थानीय नागरिकों द्वारा सूचना दिये जाने



पर मौके पर पहुंचे पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने स्थल से ही सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता, अवर अभियंता एवं सहायक अभियन्ता से इस संबंध में वार्ता की और अविलम्ब मार्ग सुधारीकरण कार्य को प्रारम्भ कर एक सप्ताह के भीतर रास्ता दुरूस्त करने की बात कही। श्री कर्नाटक ने कहा था कि यहां कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है इसलिए इस मार्ग को तत्काल दुरुस्त किया जाए क्योंकि जाखनदेवी से आईएसबीटी तक का यही मुख्य पैदल मार्ग है एवं जाखनदेवी,तल्ला चौसार, मल्ला चौसार एवं आईएसबीटी की जनता इसी पैदल मार्ग पर निर्भर है। कर्नाटक ने कहा कि यदि 4 जून तक नगर के सभी नालों का निर्माण कार्य विभाग द्वारा प्रारंभ नहीं किया गया तो वे विभाग के खिलाफ आन्दोलनात्मक रूख अपनाने को मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि बरसात में ड्रेनेज निकासी ना होने से जनता को कितना नुकसान होता है शायद ये विभाग के संज्ञान में नहीं है। कार्य प्रारम्भ होने पर स्थानीय लोगों ने बिट्टू कर्नाटक का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर श्री कर्नाटक के साथ सहायक अभियंता मनीष कुमार, अवर अभियंता विशाखा पन्त, भुवन चंद पांडे, सुभाष पांडे, मदन राम, जगदीश पांडे, हयात सिंह बिष्ट, देवेन्द्र कर्नाटक, हेम जोशी, रमेश जोशी, नवीन कुमार, प्रकाश सिंह आदि स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# विदेशी मदिरा की दुकान बंद नही करने पर आंदोलन की चेतावनी

कांडा।कमस्यारघाटी क्षेत्र में विदेशी शराब की दुकान बिना किसी पूर्व सूचना के चुनाव आचार संहिता लगने के बाद भी खोल दी गई हैं।जिसकी सूचना मिलते ही ग्रामीणों का पारा चढ़ गया हैं। यहां पुलिस चौकी इंचार्ज खातीगांव को ज्ञापन सौंपते हुए ग्राम प्रधान रावतसेरा रवि रावत,पूर्व प्रधान सुरेश रावत सामाजिक कार्यकर्ता गोकुल सिंह रावत ने चेतावनी पत्र सौंपकर 29 अप्रैल से शराब की दुकान के विरोध में ग्रामीणों के साथ प्रदर्शन करने की बात कहीं हैं।ग्राम प्रधान रवि रावत ने बताया कि इस दुकान का टैंडर प्रक्रिया में कहीं जिक्र नहीं है।रावतसेरा/ कमेड़ीदेवी के नाम से उपदुकान खोल दी गयी रावतसेरा में जगह नहीं दी तो अन्यत्र ग्राम पंचायत पैंठाण के कांडा सानीउडयार रावतसेरा बांसपटान मुख्य सड़क के अठपैसिया में विदेशी मदिरा की उपदुकान खोल दी गई हैं। कमस्यारघाटी क्षेत्र बेहतर शिक्षा स्वास्थ्य सड़क नेटवर्क सेवा सेवा नही मिलने से परेशान हैं,जबकि मूलभूत सुविधाएं मांगने पर उसके बदले में बिना किसी पूर्व सूचना के रातों रात



शराब की दुकान खोल दी गई है। जो क्षेत्रीय जनता के साथ छलावा हैं। रावत बताते हैं कि कपकोट विधायक सुरेश गढ़िया को भी ज्ञापन सौंपा हैं दूरभाष से बात हुई उन्होंने इसकी सूचना न होने की बात कहीं हैं। पूर्व प्रधान रावतसेरा, भद्रकाली मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष सुरेश रावत ने शराब की दुकान खोलने को गलत बताते हुए भद्रकाली मंदिर जाने वाले रास्ते में शराब की दुकान खोलने को सभी की आस्था पर सीधा प्रहार बताया है वही अब ग्रामीण आज से आंदोलन करने की चेतावनी दी है। जिलाधिकारी को भेजे गए ज्ञापन में उन्होंने डीएम अनुराधा पाल पर विश्वास जताया है। कमला देवी ग्राम प्रधान पैंठाण ने बताया कि उनकी ग्राम पंचायत के नाम से किसी भी शराब का दुकान का आवंटन नहीं हुआ हैं फिर जबरन अठपैसिया में विदेशी मदिरा की दुकान कैसे खोली गयी इसका पुरजोर विरोध होगा।शासन प्रशासन को विकास के लिए धन देना चाहिए। दुकान हटाए नही जाने तक विरोध भी होगा और महिलाएं भी आंदोलन में शामिल होंगी। कहा कि युवाओं और सभ्य समाज के लिए अभिशाप है यह शराब ये न भूलें प्रशासन।वही कपकोट विधायक सुरेश गढ़िया ने बताया कि आज ही कमस्यारघाटी क्षेत्र से ग्राम प्रधान सहित बहुत से लोगों का फोन आया तब इसकी सूचना हुई। भद्रकाली मंदिर के समीप में और गांव में शराब की दुकान खोलने का निर्णय गलत हैं।इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी बागेश्वर से बात हुई हैं।इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी को जनभावनाओं का ध्यान रखकर ही उचित निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं ।

# गोदियाल ने एमबीपीजी कॉलेज में बने स्ट्रांग रूम का लिया जायजा

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। पौड़ी लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल आज हल्द्वानी पहुंचे जहां। उन्होंने एमबीपीजी कॉलेज में बने स्ट्रांग रूम का जायजा लिया। गणेश गोदयाल ने सीसीटीवी के साथ ही स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था को भी देखा। कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर स्ट्रांग रूम की बिल्डिंग के बाहर क्यों सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई है। उन्होंने कहा



कि प्रतिनिधियों के भी स्ट्रांग रूम के बाहर रहने की व्यवस्था की जाए। गोदियाल ने कहा कि उत्तराखंड की जनता ने इस बार बदलाव के लिए मतदान किया है और भाजपा के नेता लोगों की भावनाओं को ही नहीं समझ पाए। गोदियाल ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार गणेश गोदयाल को पौड़ी से नहीं जीतने देना चाहती थी। जिसके लिए उन्होंने पूरी कोशिश की। लेकिन गढ़वाल की जनता उनके साथ थी। इस बार उत्तराखंड में कांग्रेस बहुत मजबूती से चुनाव लड़ी है जिसके नतीजे 4 जून को सामने आएंगे।

# जान जोखिम में डालकर नदी पार करने को मजबूर ग्रामीण

बागेश्वर(उद संवाददाता)। नगर यू तो अब पुलों का शहर बन गया है पर जिलामुख्यालय से सटे गांव घिरौली व द्वारसों दो गांव आज तक पुल के अभाव में सरयू नदी में जान जोखिम में डालकर नदी पार करने को मजबूर हैं।ग्रामीण सरयू नदी से आरे और अन्य स्थान को जाने के लिए अस्थाई बनाए गए पुल से ही आवागमन करने को मजबूर है, ग्रामीण महिलाए घास आदि के लिए भी इसी अस्थाई पुल से आवागमन करते हैं, वही छोटे छोटे स्कूली बच्चे व्योवद्ध बुजुर्ग पुरुष और महिलाए भी अस्थाई पुल से चलकर गांव पहुँचते हैं,ग्रामीण कई बार जिला प्रशासन विधायक और जनप्रतिनिधियों को सरयू नदी पर बनाए गए अस्थाई पुल को पक्का बनाने की मांग कर चुके हैं परंतु किसी के द्वारा कोई सुध नही लेने से ग्रामीणों में रोष है।गांव के पूर्व सैन्य अधिकारी कैप्टन हरीश मेहरा ने बताया कि गांव के लोग जैसे तैसे सरयू नदी में बनाए गए अस्थाई पुल से



सरयू नदी पार कर रहे हैं, कभी भी छोटे छोटे बच्चों और महिलाओं को घास चारा आदि लाते समय पुल में हादसा होने का भय बना रहता है, वही बच्चे डरे हुए रहते हैं, जबकि जिला प्रशासन सहित जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन देने के बाद भी ग्रामीणों की सुविधा के लिए स्थाई पुल निर्माण नही कराया जा सका है।ग्रामीणों को केवल आश्वाशन ही दिए जाते हैं।जबकि जनप्रतिनिधियों द्वारा चहुँमुखी विकास करने के दावे किए जा रहे हैं।वही अब तक पुल बनाने को लेकर कोई भी बजट जारी नही किया गया है, उन्होंने कहा कि धन्य हो बागेश्वर उत्तराखंड की सरकार जो कि जरूरतमंदों को विकास के दावे करती है पर जिला मुख्यालय से सटे हुए गांव में लोगों की सुविधा के लिए पैदल पुल का निर्माण नही कराया गया है, उन्होंने चेतावनी दी कि जल्द पुल निर्माण के लिए अधिकारियों जनप्रतिनिधियों द्वारा बजट जारी नही किया गया तो वे ग्रामीणों के साथ जिला मुख्यालय में आंदोलन करने को मजबूर होंगे, वही कभी भी अस्थाई पुल में कभी भी कोई हादसा होने पर जिला प्रशासन को इसकी जिम्मेदारी लेने की बात कही।स्थानीय गणेश सिंह रमेश सिंह, जानकी देवी, चंपा देवी, राजेन्द्र सिंह,मदन सिंह, नरेंद्र सिंह ने जल्द स्थाई पुल निर्माण नही करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

# दो मंजिला मकान में लगी आग पर कड़ी मशक्कत से पाया काबू

अल्मोड़ा। आज तड़के लगभग ढाई बजे फायर स्टेशन अल्मोड़ा को ग्राम-आडेला, गोविंदपुर में लकड़ी पत्थर से बने दो मंजिले मकान (बाखली) में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई सूचना प्राप्त होते ही अग्निशमन अधिकारी श्री महेश चंद्र के निर्देशन मेंलीडिंग फायरमैन श्री किशन सिंह फायर यूनिट के साथ तत्काल घटना स्थल पर पहुंचेग्रामआडेला, गोविंदपुर निवासी श्री खीम सिंह,श्री कैलाश सिंह,श्री किशन सिंह के एक साथ बने दो मंजिले मकान बाखली में आग लगी थी, जो मुख्य मार्ग से लगभग 100 मीटर की दूरी पर थी, फायर यूनिट द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मोटर फायर इंजन से 4 डिलीवरी होज पाइप फैलाकर मोटर फायर इंजन से लगातार 3 घंटे तक कड़ी मेहनत और मशक्कत के साथ अग्निशमन कार्य किया गया, अग्निशमन वाहन में पानी समाप्त होने पर गांव के ही पानी के टैंक से पानी लेकर अग्निशमन कार्य कर आग को पूर्ण रूप से बुझाया गयाआग में किसी भी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई तथा आग में घरेलू सामान, लकड़ी, तख्ते, बल्ली, इत्यादि सामान जल गया प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा महिला फायर कर्मियों के जज्बे व फायर यूनिट टीम द्वारा की गई कड़ी मेहनत और त्वरित कार्यवाही की प्रशंसा की गई अग्निशमन टीम लीडिंग फायरमैन किशन सिंह फायर सर्विस चालक उमेश चंद्र सिंह महिला फायर कर्मीसुश्री निकिता, महिला फायर कर्मी सुश्री प्रियंका राणा शामिल रही।

# राधा बेच रही जहरीली शराब तो भाभी बेच रही सुल्फा!

## कटोराताल चौकी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर चल रहा है नशे का गैरकानूनी कारोबार

काशीपुर(उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी द्वारा जिले भर में चलाया गया नशे के खिलाफ अभियान यहां काशीपुर में भाभी और राधा नामक नशा कारोबारी महिलाओं पर बिल्कुल असरकारक नहीं है। विजयनगर नई बस्ती में पीएम हाउस के सामने भाभी नामक महिला डंके की चोट पर बड़ी तादाद में चरस की बिक्री में लिप्त है। थाना कोतवाली में उक्त भाभी नामक महिला के खिलाफ आधा दर्जन से अधिक मुकदमे पंजीकृत है। वह कई बार जेल की हवा खा चुकी है लेकिन आज भी गोरखधंधा बंद नहीं हुआ। सूत्रों की माने तो अकेली भाभी नामक महिला तीन से पांच लाख रुपए कीमत के सुल्फा का प्रतिमाह खपत करती है। बताते हैं कि उसके तार राज्य से लगे यूपी के बरेली बिजनौर मुरादाबाद तथा रामपुर के बड़े नशा कारोबारियों से सीधे तौर पर जुड़े हैं। इसी तरह कटोरा ताल चौकी पुलिस की ठीक नाक के नीचे पिछले कई वर्षों राधा नामक महिला बड़े पैमाने पर कच्ची शराब बेच रही है। कच्ची शराब का यह अड्डा कटोराताल पुलिस चौकी से बामुश्किल 100 मीटर की दूरी पर है। राधा तथा उसके पति दीपक को भी पुलिस पूर्व



में कई बार आबकारी अधिनियम में कार्यवाही कर चुकी है लेकिन दंपति को आज भी वर्दी का कोई खौफ नहीं है। इन दोनों ही मामलों से सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि कटोराताल चौकी पुलिस क्षेत्र में किस स्तर पर सक्रिय है। यहां बता दें कि पूर्व में कटोराताल चौकी क्षेत्र के मोहल्ला विजयनगर नई बस्ती में झुन्नी नामक महिला चरस बिक्री के मामले में कुख्यात थी। कुछ वर्ष पूर्व झुन्नी के अचानक मौत हो जाने के बाद उसके गैर कानूनी कारोबार के साम्राज्य को बहू ने संभाल लिया। वह भाभी के नाम से विख्यात हो गई। बेटे ने बाहर की मुश्किलों से तालमेल बनाया और भाभी खुलेआम चरस बेचने लगी। पिछले डेढ़ दशक से भी अधिक समय से मां बेटे नशे के गैरकानूनी कारोबार में सक्रिय हैं। भाभी के बेटे नूर को भी पुलिस पूर्व में कई बार जेल भेज चुकी है लेकिन दोनों ने आज तक फंडा नहीं बदला। जानकारों की माने तो भाभी के तार यूपी के बड़े नशा कारोबारियों से सीधे तौर पर जुड़े हैं। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा नशे के खिलाफ चलाएं अभियान का भाभी पर कोई असर नहीं पड़ा। कमोवेश ऐसा ही कुछ हाल राधा पत्नी दीपक का है वह आज भी अवैध कच्ची शराब के मामले में पूरी तरह कुख्यात है और कटोराताल पुलिस चौकी की नाक के नीचे बड़े पैमाने पर अवैध कच्ची शराब का खपत कर रही है। इस चीज से सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि मित्रता सेवा सुरक्षा का दम भरने वाली पुलिस किस हद तक सक्रिय है। नशा कारोबारियों पर प्रभावी अंकुश ना लग पाने के कारण यहां युवा पीढ़ी तेजी से नशे के गर्त में जा रही है। इसी तरह अपराधिक घटनाओं में भी तेजी से इजाफा हो रहा है। चौकी क्षेत्र में चोरी-छिनैती मारपीट झगड़ा फसाद आम बात है। यहां बताना यह भी जरूरी है कि नशे का गैर कानूनी कारोबार चौकी क्षेत्र में सिर्फ दो स्थानों पर नहीं बल्कि दो दर्जन से भी अधिक स्थानों पर फल फूल रहा है। इसके अलावा सटोरिये भी यहां सक्रिय है।

# मुठभेड़ में गोली लगने से घायल बदमाश को दबोचा

देहरादून (उद संवाददाता)। राजधानी देहरादून के प्रेम नगर दूंगा इलाके में पुलिस की चेकिंग के दौरान एक बदमाश भागने का प्रयास करने लगा जिसे रोकने के लिए पुलिस ने इशारा भी किया परंतु बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर दी जवाब में पुलिस की ओर से किए गए फायर में बदमाश घायल हुआ बदमाश को



तत्काल पुलिस ने इलाज के लिए दून अस्पताल भेज दिया दून अस्पताल भेज दिया। बदमाश और पुलिस के बीच मुठभेड़ की सूचना पर तत्काल एसएसपी अजय सिंह मौके के लिए रवाना हुए और पूरे हालात का जायजा लिया एसएसपी अजय सिंह ने बताया है घायल बदमाश को प्राथमिक उपचार के लिए दोनों अस्पताल भेजा गया है ।फिलहाल बदमाश की समस्त जानकारी एकत्रित की जा रही है ।

# बालिका से छेड़छाड़ का आरोपी दबोचा

अल्मोड़ा। धौलछीना पुलिस ने नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ पोक्सो एक्ट के 01 आरोपी को किया गिरफ्तार एसएसपी अल्मोड़ा द्वारा समस्त प्रभारीनिरीक्षकथानाध्यक्षों को महिला अपराधों पर त्वरित संज्ञान लेकर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है पेटशाल निवासी एक व्यक्ति द्वारा तहरीर दी गई कि कि उसकी नाबालिग पुत्री सुबह घर से स्कूल जा रही थी, तो पेटशाल में उनके गांव के ही रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा सामान उठाने में मदद करने के बहाने अपनी दुकान में बुलाया और उसकी नाबालिग पुत्री के साथ छेड़छाड़



की गई। जिस पर धौलछीना थाने में अभियुक्त के विरुद्ध आईपीसी की धारा 342/354क व 7/8 पोक्सो एक्ट के तहत एफआईआर पंजीकृत की गईसीओ अल्मोड़ा श्री विमल प्रसाद' के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष श्री सुशील कुमार' के नेतृत्व में धौलछीना पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए, पोक्सो एक्ट के आरोपी को पेटशाल से गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की गई है।

# गेहूं के डंठल में आग लगाने पर धान की फसल जली

गदरपुर(उद संवाददाता)। थाना क्षेत्र अंतर्गत गेहूं के डंठलों में आग लगाने के मामले को लेकर गदरपुरा गांव के एक किसान के खिलाफ विभाग द्वारा गदरपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है. इस संबंध में ग्राम लखनऊ पंचायत के शाहनूर अली द्वारा पुलिस को दिये गये अपने आवेदन में कहा गया है कि 27 अप्रैल दिन शनिवार को ग्राम गदरपुरा पंचायत में शमशाद अहमद, रहीस अहमद पुत्र सफी



अहमद द्वारा गेहूं के खेतों में आग लगाई गई जिससे पडोस में खड़ी धान की फसल आग की लफटो से झुलस कर खराब हो गई। जो कि प्रशासन द्वारा बैन कर दी गयी है जिससे आर्थिक क्षति पहुंची है और जब मैने उक्त नामित से कहा तो उक्त नामित कहने लगा कि हम काफी भाई और भाईयो के काफी बेटे है और तू हमसे मत उलझ नहीं तो जान से हाथ धो बैठेगा। प्रार्थी को उक्त नामित के व्यवहार से जान माल का खतरा है।

# बिजली दामों में बढ़ोतरी कर सरकार ने जनता के साथ किया छल : बेहड़

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि प्रदेश में बिजली के दामों में बढ़ोतरी किये जाने पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि उत्तराखंड की भाजपा सरकार जो अपने आपको आम आदमी और किसानों का हितैषी बताती है,उन्ही की पीठ में खंजर भोपने का काम करती है। भाजपा सरकार चुनाव के समय बड़े-बड़े लुभावने वादें तो जनता से करती है लेकिन उन्हें कभी पूरा नहीं करती। इसी का उदाहरण बिजली के दामों में बढ़ोतरी है। अगर सरकार को बिजली के दाम में बढ़ोतरी करनी थी तो उन्हें लोक सभा चुनाव के मतदान से पूर्व ये शासनादेश जारी करते और जनता के बीच वोट मांगने जाते लेकिन भाजपा सरकार को आम आदमी के वोट लेने के बाद उनके हितो से कोई लेना देना नहीं है । श्री बेहड़ ने कहा कि अभी पिछले साल ही प्रदेश में बिजली के दामों में बढ़ोतरी की गयी थी। अब फिर से प्रदेश में लगभग 7% बिजली के दामों में बढ़ोतरी करने का तुगलकी फरमान सरकार द्वारा दिया गया है। एक तरफ प्रदेश में बढती महंगाई और बेरोजगारी के कारण पलायन रुकने



का नाम नहीं ले रहा उत्तराखंड के निवासी अपने प्रदेश को छोड़कर अन्य प्रदेशों का रुख कर रहे है वही पर इस तरह का बोझ आम आदमी पर डालना पलायन को और बढावा देना है। प्रदेश में जहाँ किसान पहले ही आर्थिक तंगी से जूझ रहा है और कर्जो में डूबा हुआ है। उनकी आमदनी दिन प्रतिदिन घटती जा रही है। इस तरह से बिजली के दामों में बढ़ोतरी से किसानो की कमर टूट जायेगी। यह ही कारण है कि किसान किसानी को छोड़कर कृषि भूमि बेचकर अन्य व्यवसाय करने पर मजबूर हो रहा है। दो सालो में लगभग 16% बिजली के दाम बढाकर सरकार जनता की जेब काटने का काम कर रही है। श्री बेहड़ ने कहा कि वह उत्तराखण्ड सरकार को आगाह करते है कि प्रदेश में बिजली के बड़े हुए दामों को सरकार शीघ्र से शीघ्र वापिस ले अन्यथा आने वाले समय में पूरे प्रदेश में सरकार को इसका विरोध झेलना पड़ सकता है।

# दुकान में घुसकर नगदी चुराई

हल्द्वानी। चोरों ने दुकान में लगा शीशा तोड़ कर दुकान के गल्ले में रखी नगदीऔर बैंक की पासबुक चुरा ली। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस में की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रेलवे बाजार निवासी शिवम गुप्ता पुत्र स्व. जितेंद्र गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसकी शक्ति विहार गली नंबर 1 में श्रीजी ट्रेडर्स के नाम से प्रतिष्ठान है। 28 अप्रैल की सुबह वह जब अपने प्रतिष्ठान पर पहुंचा तो उसके कार्यालय का शीशा टूटा हुआ था और गल्ले में रखी 3 हजार रूपए की नगदी और बैंक की पास बुक गायब थी। पीड़त ने कार्रवाई की मांग की है।

# डीएम के आदेश के बाद वाहन वॉशिंग सेंटरों पर चलाया अभियान

रामनगर(उद संवाददाता)। भीषण गर्मी के चलते लगातार आ रही पेयजल किल्लत को देखते हुए जिलाधिकारी वंदना सिंह के निर्देश पर स्थानीय प्रशासन एवं जल संस्थान की संयुक्त टीम ने रामनगर क्षेत्र के वॉशिंग सेंटरो पर छापा मार कार्रवाई करते हुए कार एवं बाइक वॉशिंग पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। नायव तहसीलदार दयाल चंद्र मिश्रा के नेतृत्व में जल संस्थान की टीम ने ताबड़तोड़ छापेमारी की गई। कार्रवाई के संबंध में जानकारी देते हुए उत्तराखंड जनसंस्थान के अधिशासी अभियंता मनोज गंगवार ने बताया कि




गर्मी के चलते रामनगर शहर व आसपास के इलाकों में पेयजल की दिक्कत उत्पन्न होने लगी है। भविष्य में पेयजल की दिक्कत ज्यादा ना हो इसको लेकर जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर व आसपास के क्षेत्र में स्थित कार एवं बाइक वॉशिंग सेंटरो पर यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि आज 21 स्थान पर यह कार्रवाई की गई है तथा सभी को नोटिस देकर ग्रीष्म काल तक वाशिंग सेंटर पर वाहन ना धोने की हिदायत दी गई है। उन्होंने कहा कि वाहन धोने के दौरान पानी का काफी दुरुपयोग होता है इसे रोकने को लेकर यह कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि इसके बावजूद भी कोई भी वॉशिंग सेंटर स्वामी अपने यहां वाहन धोता हुआ पाया गया तो उसका पेयजल कनेक्शन काटने के साथ ही नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी।

# मई दिवस पर रोडवेज डिपो में होगी संयुक्त सभा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मई दिवस पर संयुक्त आयोजन समिति यहां रोडवेज डिपो में 1 मई को सायं 4 बजे मजदूर दिवस कार्यक्रम का आयोजन करेगी। यह जानकारी देते ट्रेड यूनियन ऐक्टू नेता डा कैलाश पाण्डेय ने बताया कि 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मजदूरों के आठ घंटे काम के कार्यदिवस के अधिकार को हासिल करने के लिए चले आंदोलन में शहीद हुए मजदूरों की याद में हर साल मनाया जाता है। इस आंदोलन के बाद ही पूरी दुनिया में आठ घंटे का कार्यदिवस लागू हुआ। आज मजदूरों के अधिकारों की रक्षा करना बेहद जरूरी हो गया है। इसलिए सभी मजदूर संगठनों और यूनियनों को एकजुट होकर मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठानी होगी। उन्होंने हल्द्वानी के सभी मजदूर संगठनों और प्रगतिशील लोकतांत्रिक लोगों से मई दिवस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की।

## पेज एक का शेष...

**सेना का सामान लेकर........**होकर सड़क में पलट गया। गनीमत ये रही कि कैंटर क्रैश बैरियर से टकराकर सड़क में पलट गया और गहरी खाई में गिरने से बच गया। हादसे में कैंटर में सवार सात लोग घायल हो गए।कैंटर गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद कैंटर में फंसे सात लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। बता दें कैंटर में सेना का सामान लदा हुआ था। चालक उमेश निवासी मेरठ ने बताया कि वह नोएडा से पिथौरागढ़ सेना का सामान लेकर जा रहा था। ढलान में अचानक ब्रेक फेल हो गए और कैंटर अनियंत्रित होकर पलट गया।

**भीषण अग्निकांड में ...........**राख हो गई। बताया जा रहा है कि यहां रहने वाले मजदूर तांबा जला रहे थे। उसी वक्त हादसा हुआ। गनीमत रही कि आग से पहले ही सभी बच्चे और यहां रहने वाले लोग बाहर चले गए। आग से यहां पर रखें पांच छोटे सिलिंडर भी फट गए। करीब एक घंटे में दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पास लिया। यहां पांच सिलिंडर एक साथ फटने से आग विकराल हो गई। हादसे की खबर मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची। आग बुझाने में टीम को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। गनीमत रही की हादसे में जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है।

**चुघ को पद से हटान...**इन्हें झूठे आरोप में फंसाने की कोशिश की जा चुकी है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि इस मामले में बाबा सुरेन्द्र सिंह व कुछ अन्य लोग पूरी राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य बनने के बाद बिना स्वामित्व के ऐतिहासिक गुरूद्वारों के ट्रस्ट पंजीकृत कर देना जांच का विषय है। उन्होंने सरकार से मांग की कि थाना नानकमत्ता या अन्य थानों में गुरूद्वारा नानक मत्ता साहिब से जुडे ऐसे सभी मुकदमों की समीक्षा की जाये जो पिछले 15 वर्षो में दर्ज हुए हैं। इस पर एक न्यायिक आयोग गठित किया जाये। वार्ता के दौरान डा. दलजीत सिंह, बलबीर सिंह, लखविन्दर सिंह, दविन्दर सिंह, अमरजीत सिंह, संतोख सिंह रंधावा, महेन्दर सिंह, हरी सिंह, जसवीर सिंह, रणजीत सिंह, सतनाम सिंह, कुलदीप सिंह, पलविन्दर सिह, प्रभजीत सिंह, जिंदरपाल सिंह आदि मौजूद थे।

# तांत्रिक के बहकावे में आकर युवक को पीटा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। तांत्रिक के बहकावे में आकर कुछ लोगों ने चोरी के संदेह में एक युवक की उसके कमरे में जाकर बेरहमी से पिटाई कर दी। पुष्पेन्द्र पाल पुत्र मोहन लाल निवासी वार्ड 7, आजाद नगर ट्रांजिट कैम्प, ने बताया कि वह किराये पर रहता है। उसके मकान मालिक के घर में 18 अप्रैल को शादी थी। जिसमे उसके रिस्तेदार के जेवर व पैसे चोरी हो गए थे। अब तांत्रिक के कहने में आकर उसकी बहन पर चोरी का आरोप लगा रहे है। पुष्पेंद्र ने बताया कि वह अपने कमरे में अकेला बैठा था। उस बीच कुछ लोग उसके कमरे में आकर उसे बुरी तरह लात घूसो से मारने पीटकर चले गये।

# बदमाशों ने किया महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र झपटने का प्रयास

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप शास्त्री नगर निवासी एक महिला शनिवार शाम को अपने बच्चों के साथ अटरिया मेला देखने आई हुई थी। बताया जा रहा है कि रात साढ़े 9 बजे बाद वह पैदल ही घर को जा रही थी। इसी बीच सिडकुल ढाल रोड पर पीछे से आ रहे बाइक सवार दो बदमाशों ने महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र झपटने का प्रयास किया। मंगलसूत्र झपटने पर असफल होने पर बदमाशों ने कुछ दूरी पर जाकर अपनी बाइक रोक ली। यह देख महिला और उसके बच्चों ने शोर मचाना शुरू किया तो लोग एकत्र हो गए। लोगों को एकत्र होता देख बाइक सवार बदमाश वहां से तेजी से ट्रांजिट कैंप की ओर भाग निकले। बाद में लोगों ने उनका पीछा भी किया लेकिन वह हाथ नहीं आए।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# सूरज के 'आग उगलने' से बढ़ने लगे हैं 'त्वचा के रोगी'

## जिला अस्पताल में पिछले आठ साल से त्वचा रोग विशेषज्ञ का पद खाली मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में रोज पहुंच रहे सैकड़ो त्वचा रोग पीड़ित

– अर्श –

रुद्रपुर। उत्तराखंड के मैदानी इलाके में सूरज ने आग उगलना आरंभ कर दिया है और समूचे मैदानी क्षेत्र में भीषण गर्मी का दौर आरंभ हो गया है । फिलहाल जिला मुख्यालय का अधिकतम तापमान 38 डिग्री के आसपास दर्ज किया जा रहा है ,लेकिन मौसम विज्ञानियों की माने तो आने वाले दिनों में पारा 40 डिग्री के पार जाने की प्रबल संभावना है ।तापमान के सामान्य से कुछ डिग्री ऊपर पहुंचने पर ही उधम सिंह नगर जिले में त्वचा संबंधी रोगों में बड़ी तेजी से इजाफा होने लगा है और सरकारी अस्पताल में झुलसा देने वाली गर्मी के कारण उत्पन्न होने वाले विभिन्न त्वचा रोगों से पीड़ित काफी संख्या में पहुंचने लगे हैं ,लेकिन बड़ी विडंबना तो यह है कि जिला अस्पताल में त्वचा रोग विशेषज्ञ का पद पिछले 8 वर्षों से खाली पड़ा है। सरकारी अस्पताल में त्वचा रोग विशेषज्ञ की तैनाती न होने के कारण त्वचा रोग पीड़ितों को रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज की शरण लेनी पड़ रही है, जहां ओपीडी में त्वचा रोग के मरीजों का वैकल्पिक तौर पर इलाज किया जा रहा है। मगर मेडिकल कॉलेज की त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ। फरहीन खान महीने में केवल 15 दिन ही त्वचा रोग पीड़ितों को देख रही हैं ,जबकि यहां त्वचा रोग के करीब 100 मरीज रोजाना पहुंच रहे हैं। बताना होगा कि मौसम में बदलाव और तापमान में वृद्धि के कारण नमी, उमस और प्रदूषण की वजह से लोगों में त्वचा संबंधी बीमारियां तेजी से बढ़ने लगती हैं। गर्मी के मौसम में होने वाले त्वचा संबंधी संक्रमण में रोगियों में खुजली, त्वचा का लाल होना, फुंसी और फंगल इंफेक्शन के लक्षण बहुतायत में दिखाई देते हैं ।ऐसे में त्वचा की समुचित देखभाल और धूप से त्वचा का यथासंभव बचाव बहुत जरूरी होता है। ऐसा नहीं करने पर यह छोटे-मोटे लक्षण आगे चलकर किसी गंभीर बीमारी का रूप भी धारण कर सकते है ।वैसे तो मेडिकल कॉलेज



रुद्रपुर की त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ। फरहीन खान उपचारार्थ पहुंचने वाले त्वचा रोगियों को शरीर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने, खाने में संतुलित आहार और मौसमी फल का सेवन करने ,उमस भरी गर्मी के मौसम में पत्तेदार सब्जियों, उड़द की दाल और तली-भुनी चीजों के प्रयोग से बचने, नियमित तौर पर सुबह-शाम दो बार स्नान करने ,खाने में सलाद शामिल करने तथा सुबह उठने के बाद 2-3 गिलास गुनगुना पानी पीने और सिंथेटिक कपड़े न पहने की सामान्य सलाह आमतौर पर देती ही है लेकिन लोगों को पिछले दिनों उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कि राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला मैं हीट वेव से बचाव को लेकर जारी किए गए दिशा निर्देशों को भी अमल में लाना चाहिए। इस कार्यशाला डॉ। सुजाता नेस्वास्थ्य विभाग की तरफ से अत्यधिक गर्मी से बचने के उपायों के बारे में बताया कि गर्मी जानलेवा भी हो सकती है, इसलिए एहतियात बरतना बहुत जरूरी हैं। उन्होंने आगे बताया कि गर्मी लगने से व्यक्ति में अत्यधिक थकान, कमजोरी, चक्कर आना, सिर दर्द, जी मिचलाना, शरीर में ऐंठन, तेज धड़कन, भ्रम की स्थिति आदि लक्षण दिखने लगते हैं। इसके लिए जरूरी है कि खूब पानी पीएं, प्यास न लगी हो तब भी पानी पीते रहें। गर्मी का सबसे ज्यादा असर गर्भवती महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों पर पड़ता है, इसलिए एहतियात जरूरी हैं। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक घर से बाहर जाने से बचना चाहिए, साथ ही महिलाओं को इस समय खाना बनाने से परहेज करना चाहिए ।इसके अलावा डॉ। विमलेश जोशी का कहना था की कि हीट वेव या अत्यधिक गर्मी से जितना खतरा इंसानों को है, उतना ही खतरा पशुओं को भी होता है, इसलिए उनका ख्याल रखना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि धूप में खड़ी कार में बच्चों को न छोड़े, यह खतरनाक हो सकता है। साथ ही धूप में खड़ी कार में सीधे न बैठें। बैठने से पहले दरवाजे और खिड़की खोलकर रख दें ताकि कार से हानिकारक गर्म हवा बाहर निकल जाए। वही यूएसडीएमए की मौसम विशेषज्ञ डॉ। पूजा राणा ने बताया कि भारत सरकार ने हीट वेव को वर्ष 2019 में प्राकृतिक आपदा घोषित किया है। उन्होंने कहा कि गर्मी से बचने के लिए मौसम विभाग के एलर्ट को सुनना और दिशा-निर्देशों का पालन किया जाना जरूरी है। स्कूली बच्चों को गर्मी के प्रकोप से बचाने के लिए स्कूलों में प्रत्येक एक से डेढ़ घंटे के अंतराल में वॉटर बेल बजाई जानी चाहिए, ताकि बच्चों को याद रहे कि उन्हें पानी पीना है।

# नेक्टा फ्रेश ने उड़ाई एनजीटी के नियमों की धज्जियां

## पर्यावरण पर मंडराया खतरा, फीका नदी का पानी भी हो रहा है दूषित





–मनोज श्रीवास्तव–

जसपुर। नादेही रोड पर राजपुर इलाके में संचालित नेक्टा फ्रेश एग्रो फूड्स प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी पर्यावरण के लिए बड़ा खतरा बन चुकी है। मुख्य रूप से शहर बनाने वाली इस फैक्ट्री से निकलने वाले दूषित पानी के कारण जहां एक और करीब से होकर निकल रही फीका नदी का पानी विषैला होने लगा है वहीं दूसरी ओर फैक्ट्री की चिमनी से निकल रहे गाढे एवं जहरीले धुएं के कारण पर्यावरण पर भी भारी खतरे की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इस पूरे प्रकरण में संबंधित विभाग की अधिकारियों की भूमिका भी काफी संदिग्ध प्रतीत होती है। ज्ञातव्य है कि तहसील जसपुर में नादेही रोड पर राजपुर इलाके में फीका नदी के बिल्कुल छोर से लगकर नेक्टा फ्रेश एग्रो फूड्स प्राइवेट लिमिटेड को प्लांट किया गया है। यह कंपनी मुख्य रूप से शहद बनाने का काम करती है लेकिन मजे की बात यह है कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के दायरे में होने के बावजूद फैक्ट्री को नदी किनारे प्लांट करने की परमिशन कैसे मिल गई। फैक्ट्री की चिमनी से निकलने वाले गाढे एवं जहरीले धुएं के कारण पर्यावरण को बड़ा खतरा पैदा हो गया है तो वहीं दूसरी ओर आसपास में आबादी के बीच रहने वाले परिवारों को स्वांस फेफड़ा तथा आंख संबंधी गंभीर बीमारियों भी घेरने लगी है। फिलहाल इस बारे में फैक्ट्री के प्रबंध निदेशक से मोबाइल फोन पर बातचीत के लिए समय लेने का प्रयास किया गया लेकिन एमडी राकेश सिंह भाजपा तथा यूपी उत्तराखंड सरकार में अपना करीबी रिश्ता बताकर बारंबार अपनी व्यस्तता दर्शाते रहे।

### तो क्या पार्टी की साख को लगाया जा रहा है बट्टा?

जसपुर। देश और प्रदेश की भाजपा सरकार को (खासकर यूपी उत्तराखंड) में ऐसे लोगों से खास तौर पर सजग रहने की जरूरत है जो पार्टी का झंडा लगाकर अथवा पार्टी से जुड़कर अवैध अनैतिक अथवा अपराधिक कृत्यों में लिप्त है। ऐसे लोग अपना हित साधने के लिए सरकार अथवा उसकी नीतियों को भी हाशिए पर लाने से पीछे नहीं होते। सूत्रों की माने तो प्रदेश में ऐसे लोगों की तादाद सैकड़ो में है जो अपना उल्लू सीधा करने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। बारीकी से जांच किया जाए तो ऐसे अधिकांश लोग नियम विपरीत अथवा गैर कानूनी कार्यों में लिप्त मिलेंगे।

# लालकुआं में फिर भालू दिखने की सूचना पर वन कर्मियों ने डाला डेरा

लालकुआं। लालकुआं क्षेत्र में भालू की दहशत व्याप्त है यहां इंडियन ऑयल डिपो के पास देर शाम भालू दिखाई देने की सूचना के बाद तराई पूर्वी वन प्रभाग की गौला रेंज और डौली रेंज की टीम के वन कर्मियों ने डेरा डाल दिया ताकि भालू को आबादी क्षेत्र में आने से रोका जा सके। इस दौरान आसपास के जंगली क्षेत्र में वन विभाग की टीम ने गस्त भी की हालांकि देर रात होने तक भालू वन विभाग टीम को कहीं नजर नहीं आया। वहीं दूसरी तरफ किसी ने सूचना दी की टांडा रेंज में डौर्बी फील्ड को जाने वाले रास्ते पर एक विशालकाय भालू दिखाई दिया है इसके बाद तराई केंद्रीय वन प्रभाग टांडा रेंज के रेंजर रूपनारायण गौतम ने फौरन अपनी टीम को मौका मुआयना करने के लिए भेजा हालांकि भालू कहीं दिखाई नहीं दिया संभावना जताई जा रही है कि यह मात्र अफवाह भी हो सकती है। मगर इंडियन ऑयल डिपो, स्लीपर फैक्ट्री के पास लगातार विशालकाय काले



भालू का मूवमेंट बना हुआ है ऐसे में वन विभाग ने भालू को रेस्क्यू करने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। इस दौरान तराई पूर्वी वन प्रभाग की टीम में मुख्य रूप से वन दरोगा हेम चंद्र जोशी, शंकर दत्त पनेरू, वन आरक्षी राजेन्द्र पालीवाल, जितेंद्र यादव, भुवन फर्त्याल, दीपक पंतोला, दीपक भंडारी, कमलेश कुमार सहित तमाम वनकर्मी मौजूद रहे।

